दैनिक

पुष्पांजली टुडे

नई सोच, नई पहल

■ ग्वालियर ■ वर्ष : 1 ■ अंक : 160

ग्वालियर, रविवार, 27 फरवरी, 2022

पृष्ठ 8 ■ मूल्य : 2 रु.



राहुल गांधी का दलबदलुओं पर बड़ा बयान, कहा-ऐसे लोग भाजपा को गिफ्ट कर दो

देवभूमि द्वारका। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज दलबदलुओं को लेकर बड़ा बयान दिया है। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस से भाजपा जितने नेता चाहे ले जाने दो और उसके बाद कुछ ऐसे लोगों का एक पैकेज बनाकर भाजपा को गिफ्ट कर दो। यह कोई चुनावी समस्या नहीं है, हम यह चुनाव जीत चुके हैं। समय यह है कि आप उसे मानने को तैयार नहीं है। आप लोग यहां लड़ते हो, इसलिए मोदी के खिलाफ आत्मविश्वास कम है। गुजरात विधानसभा से पूर्व भगवान श्रीकृष्ण की नगर देवभूमि द्वारका में आयोजित कांग्रेस की तीन दिवसीय चिंतन शिबिर को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा कि जब कभी भी मैं गुजरात आता हूं मुझे अच्छा लगता है और कुछ सीखने को मिलता है। गुजरात कांग्रेस यूनिक तरीके से काम करती है। कांग्रेस को विचारधारा और दिशा गुजरात ने दी है। नेहरू, सरदार पटेल और गांधी जी ने मार्गदर्शन दिया है। उन्होंने कहा कि मेरे परदादा नेहरू ने गांधी जी के बारे में एक पत्र लिखा था। जिसमें उन्होंने लिखा- मैं सच्चाई और गांधी जी गलत हैं। पत्र में यह भी लिखा था कि मेरा दिल कहता है गांधी जी सच्चे हैं। राहुल

गांधी ने कांग्रेस को पांडव और भाजपा कौरव बताया7 उन्हों ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण सत्य के साथ थे, जबकि उनकी सेना कौरवों के साथ थी। आज हमारे पास कुछ नहीं है। लेकिन उनकी सेना स्वरूप ईडी, सीबीआई और मीडिया इत्यादि हैं। यदि आपको सत्य की लड़ाई लड़नी है तो केवल चार से पांच लोगों की जरूरत होगी। चिंतन शिविर में राहुल गांधी ने कांग्रेस के ऐसे नेताओं को भी आडे हाथ लिया जो ऐसी ऑफीस में बैठकर काम करते हैं। उन्होंने कहा कि गुजरात कांग्रेस के कई नेता एसी ऑफीस में बैठकर काम करते हैं और ये सभी मेरी नजर में हैं। जल्द ही ऐसा नेताओं को साइडलाइन किया जाएगा। अगर ऐसे नेता अब भी नहीं सुधरे तो उनका पैकेज बनाकर भाजपा में धक्का मार देंगे7 कोरोना महामारी को लेकर राहुल गांधी ने सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि गुजरात में हजारों लोगों की मौत हुई है, इसके बावजूद गुजरात मॉडल की बड़ी बड़ी बातें की जाती हैं। ऐसे गुजरात मॉडल में कोरोनाकाल के दौरान बेड और ऑक्सीजन सिलिंडर नहीं मिले7 उन्होंने कहा कि लघु और मध्यम उद्योग गुजरात की ताकत थी, जिसे नरेन्द्र मोदी ने तोड़ दी है। आज 4-5 लोग ही गुजरात चला रहे हैं। गुजरात की जनता कांग्रेस को वोट देती है।

जनता का राशन हजम करने वालों का हिसाब हमारा बुलडोजर करता है : सीएम योगी

अंबेडकरनगर। यूपी चल रही विधानसभा चुनाव की हलचल के बीच भारतीय जनता पार्टी राज्य में तीन मार्च को होने वाले छठे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में आपनी पूरी ताकत झोंक दी है। छठे चरण में तीन

मार्च को दस जिलों के 57 विधानसभा क्षेत्रों में मतदान होना है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का शनिवार को भी तूफानी दौरा है। सबसे पहले वह अम्बेडकर नगर में दो जनसभा करने पहुंचे। उन्होंने कहा कि राम मनोहर लोहिया कहते थे कि एक सच्चे समाजवादी को संपत्ति और संतति से दूर रहना चाहिए, लेकिन ये जो कथित समाजवादी है, इनका नारा है सबका साथ पर सैफई खानदान का विकास। उन्होंने अपने शासनकाल में सिर्फ़ अराजकता ही फैलाई है। सीएम योगी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 में तीन मार्च को होने वाले छठे चरण के मतदान वाले क्षेत्रों में अपनी ताकत झोंक दी है। अब तक चार चरणों का चुनाव हुआ है और कल 5 वें चरण का चुनाव समाप्त होगा। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि 5वें चरण के चुनाव के बाद बीजेपी पूर्ण बहुमत से आगे रहेगी और जब चुनाव समाप्त होगा।

हमारा सपना है कि भारत फिर से जगतगुरु बने : राजनाथ सिंह

नई दिल्ली। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के 98वें दीक्षा समारोह को संबोधित कर कहा कि छोटे नहीं बड़े मन वाला बनना चाहिए। क्योंकि छोटे मन वाला अमेरिका में 9/11 को

टावर गिराता है। बड़े मन वाले हमारे ऋषि मुनि थे। आपको यह ध्यान रखना होगा, कि खूब पढ़-लिखकर, अमेरिका में पायलट की ट्रेनिंग करने वाला वर्ल्ड ट्रेड सेंटर गिराने वाला खालिद शेख या मोहम्मद अट्टा बन सकता है। डाक्टर होकर भी कोई अफजल गुरु बन सकता है, चार्टेड अकाउंटेंट होकर भी कोई याकूब मेनन बन सकता है। अरबपति होकर भी ओसामा बिन लादेन हो सकता है। इसकारण हमारे संस्कार बहुत महत्वपूर्ण हो जाते हैं। जो लोग केवल यह कहते हैं,कि गरीबी, अशिक्षा, आतंकवाद का कारण है, उन्हें यह उदाहरण गलत ठहराते हैं। देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। भारत के ज्ञान, समानता, समरसता का स्मरण करते हुए षड्यंत्र पूर्वक जो विष दिमाग मे भरा गया है। उस बाहर निकालने की कोशिश करनी चाहिए। इस दौरान रक्षा मंत्री ने कहा कि सबसे अधिक खतरा प्रोगेसिव लोगों से हैं। जिन्हें मैं सो काल्ड प्रोगेसिव कहता हूं। हमारा सपना है कि भारत फिर से जगतगुरु बने। भारत को शक्तिमान, धनवान, ज्ञानवान बनाना चाहते है। देशवासियों को संस्कारवान बनाना चाहते हैं।

कीव की ओर बढ़ रहे रूसी सैनिक, यूक्रेन सरकार ने राजधानी में बढ़ाया कर्फ्यू

कीव। यूक्रेन की राजधानी कीव की ओर रूसी सैनिक लगातार आगे बढ़ रहे हैं। ऐसे में यूक्रेनी सरकार रूसी सैनिकों से राजधानी को बचाने के लिए और सतर्क हो गई है। आम नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सरकार ने शहर में कर्फ्यू की अवधि और बढ़ा दी है। इसकी आधिकारिक घोषणा मेयर ने की। यूक्रेन की राजधानी कीव में मेयर विटाली क्लिट्स्चको ने टेलीग्राम पर कहा कि शाम पांच बजे से सुबह आठ बजे तक कीव में कड़ा कर्फ्यू लागू रहेगा। उन्होंने कहा, कर्फ्यू के दौरान सड़क पर मौजूद सभी नागरिकों को दुश्मन के तोड़फोड़ और टोही समूहों का सदस्य माना जाएगा। दो दिन पहले लागू किया गया कर्फ्यू रात 10 बजे से सुबह सात बजे तक था।

गौरतलब है कि रूस सैनिक यूक्रेन की धरती पर तबाही मचाते हुए लगातार आगे बढ़ रहे हैं। खबर है कि रूसी फौजी अब राजधानी कीव से कुछ ही दूरी पर हैं। ब्रिटिश विदेश मंत्रालय ने दावा किया है कि रूसी सेना ने कीव की ओर अपनी चढ़ाई जारी रखी हुई है

और वे मुख्य शहर के केंद्र से अब 30 किमी से कम दूर हैं। वहीं यूक्रेन के सशस्त्र बलों ने पूरे देश में रूसी सेना के खिलाफ कड़ा प्रतिरोध जारी रखा है। इससे पहले ब्रिटेन ने रूस की उन खबरों पर संदेह जताया था जिनमें कहा गया था कि रूसी सेना ने मेलिटोपोल के दक्षिणपूर्वी शहर पर कब्जा कर लिया है। उधर, ट्विटर ने कहा है कि वह रूस और यूक्रेन में विज्ञापनों पर अस्थायी रूप से रोक लगा रही है, ताकि यह सुनश्चिति किया जा सके कि उसके मंच पर सार्वजनिक सुरक्षा जानकारी को प्राथमिकता दी जाए। कंपनी ने शुक्रवार को एक बयान में कहा, ÷हम महत्वपूर्ण सार्वजनिक सुरक्षा जानकारी सुनिश्चित करने के लिए यूक्रेन और रूस में विज्ञापनों को अस्थायी रूप से रोक रहे हैं। खबर ये भी है कि फ्रांसीसी समुद्री पुलिस ने शनिवार को एक जहाज को जब्त किया है। अधिकारियों को संदेह है कि वह जहाज एक रूसी कंपनी से संबंधित है। हालांकि अभी रूस की तरफ से इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

रूसी मिसाइल ने कीव में आवासीय इमारत को बनाया निशाना

कीव। रूसी सैनिकों ने कीव पर हमला शुरू दिया। सरकारी इमारतों के निकट गोलीबारी और विस्फोटों की आवाजें गूंज रही थीं। रूसी कार्रवाई से यूरोप में व्यापक युद्ध की आशंका पैदा, वहीं रोकने के लिए दुनियाभर में प्रयास भी शुरू हो गए है। युद्ध से सैकड़ों लोगों के हताहत होने की सूचनाओं के बीच कीव में इमारतों, पुलों और स्कूलों के सामने भी गोलीबारी और विस्फोटों की घटनाएं हुई हैं। यूक्रेनी सेना ने कहा कि हमारी सेना ने युद्ध प्रभावित देश में भारी लड़ाई के बीच 1,000 से अधिक रूसी सैनिकों को मार गिराया है। हालांकि रूसी सेना ने अभी तक हताहतों की संख्या का खुलासा नहीं किया है।इस बीच संयुक्त राष्ट्र ने कहा कि चल रहे रूसी आक्रमण में अब तक 25 नागरिक मारे और 102 घायल हो गए। यूक्रेन ने दावा किया कि हमारी सेना ने कम से कम 80 टैंक, 516 बख्तरबंद लड़ाकू वाहन, सात हेलीकॉप्टर, 10 विमान और 20 क्रूज मिसाइलों को नष्ट कर दिया है, जबकि रूसी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि उसके सैनिकों ने यूक्रेन में 211 सैन्य बुनियादी सुविधाओं को नष्ट कर दिया है। यूक्रेनी सेना ने कहा कि रूसी सैनिकों ने मुख्य कीव एवेन्यू पर स्थित एक सैन्य अड्डे पर हमला किया, लेकिन हमले को रद्द कर किया। यूक्रेन की सेना ने कहा कि रूस ने फ्रकीव में विवट्टी एवेन्यू पर सैन्य इकाइयों में से एक पर हमला किया। रूसी और यूक्रेनी सेनाएं कीव के बाहरी इलाके में भिड़ गईं क्योंकि अधिकारियों ने नागरिकों से दशकों में सबसे खराब यूरोपीय सुरक्षा संकट में रूसी सेना को आगे बढ़ने से शहर की रक्षा करने में मदद करने का आग्रह किया।

भारत, चीन पर गिर सकती है आईएसएस की गाज

मॉस्को। यूक्रेन पर हमले के बीच रूस की अंतरिक्ष एजेंसी प्रमुख ने अमेरिका को आगाह करते हुए चेतावनी दी है कि मॉस्को पर लगाए गए कई प्रतिबंध अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष केन्द्र (आईएसएस) पर हमारे सहयोग को नष्ट कर सकते हैं और वाशिंगटन से पूछा कि क्या वह भारत व चीन को 500 टन की संरचना उन पर गिरने की आशंका के साथ खतरे में डालना चाहता है।रूस और अमेरिका आईएसएस कार्यक्रम में प्रमुख भागीदार हैं, जिसमें कनाडा, जापान, फ्रांस, इटली और स्पेन जैसे कई यूरोपीय देश भी शामिल हैं। गुरुवार को यूक्रेन के खिलाफ रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन द्वारा विशेष सैन्य अभियान का आदेश दिए जाने के बाद, अमेरिका और उसके सहयोगियों ने चार बड़े रूसी बैंकों की संपत्ति अवरुद्ध करने, निर्यात नियंत्रण लागू करने और पुतिन के करीबियों पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया है। खबरों के मुताबिक, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा बृहस्पतिवार को नए प्रतिबंधों की घोषणा कि रूस के अंतरिक्ष कार्यक्रम सहित उनके एयरोस्पेस उद्योग को प्रतिष्ठाहीन किया जाएगा, रोस्कोस्मोस के महानिदेशक दिमित्रो रोगोज़िन ने शुक्रवार को ट्वीट किया कि आईएसएस की कक्षा और अंतरिक्ष में स्थान रूसी इंजनों द्वारा नियत्रित होते हैं।

खास खबर

दिल्ली में कोरोना संबंधी पाबंदियां हटने से कारोबारी खुश

नई दिल्ली। कोरोना के कारण लगीं पाबंदियां हटाने के दिल्ली सरकार के फैसले के बाद दिल्ली के कई बाजार संघों को उम्मीद बंधी है कि उनका व्यापार फिर पटरी पर आ जाएगा। उप राज्यपाल अनिल बैजल की अध्यक्षता वाले दिल्ली आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (डीडीएमए) ने दिल्ली में रात्रिकालीन कर्फ्यू सहित कोरोना संबंधी सभी पाबंदियां सोमवार से हटाने का फैसला किया था। मास्क नहीं पहनने पर लगने वाला जुर्माना दो हजार रुपये से कम कर 500 रुपये कर दिया गया था। बैठक में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी शामिल हुए थे। मुख्यमंत्री ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में हाइब्रिड' माध्यम (ऑनलाइन और ऑफलाइन) से पढ़ाई नहीं होगी और सभी स्कूल एक अप्रैल से पूरी तरह खुलने वाले है। सरोजिनी नगर मिनी मार्केट कारोबारी संघ के अध्यक्ष अशोक रंधावा ने कहा कि रात्रिकालीन कर्फ्यू हटाया गया, जो सबसे बड़ी राहत की बात है। उन्होंने कहा, रात का कर्फ्यू हटने से हमें कारोबार के लिए और समय मिलेगा। साप्ताहिक दिनों में ज्यादातर ग्राहक अपने दफ्तर के बाद खरीदारी करने आते हैं। पाबंदियों के वक्त बाजार रात आठ बजे बंद हो जाते थे और लोग खरीदारी करे बगैर लौट जाते थे। जनपथ बाजार कारोबारी संघ के सचिव टोनी चावला ने कहा, ''जनपथ बाजार में पर्यटक आते हैं और अब राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय उड़ानों की आवाजाही से हमारे व्यवसाय फिर पटरी पर आ जाएंगे।'' कमला नगर बाजार कारोबारी संघ के अध्यक्ष नितिन गुप्ता ने भी सरकार के कदम का स्वागत किया।

जामताड़ा में बराकर नदी में डूबी नाव, महिला का शव बरामद 13 लोग लापता

रांची। झारखंड के जामताड़ा जिले की बराकर नदी में हुए नाव हादसे में एक दर्जन से अधिक लोग लापता हो गए हैं। पटना से एनडीआरएफ की टीम जामताड़ा पहुंची और लापता लोगों की तलाश शुरू की गई है। गुरुवार शाम को हुए नाव हादसे के दो दिन बाद आज शनिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। जूता, चप्पल व महिला बैग भी बरामद किया गया है। एक बाइक बरामद की गई है। डूबी हुई नाव बाहर निकाल ली गई है। एंबुलेंस से महिला का शव ले जाया जा रहा था। इस दौरान आक्रोशित लोगों ने एंबुलेंस पर पथराव किया। काफी मशक्कत के बाद शव को सदर अस्पताल भेजा गया। जामताड़ा नाव हादसे में लापता 14 लोगों में शनिवार को एक महिला का शव बरामद किया गया है। एक बाइक बरामद की गयी है। डूबी हुई नाव बाहर निकाल ली गयी है। मृत महिला का नाम स्लेहा खातून (पति- रसीद अंसारी, श्यामपुर, जामताड़ा) बताया जा रहा है। देवघर और रांची की गोताखोर टीम नदी में डूबे लोगों की खोजबीन में शुक्रवार सुबह से ही जुटी थी। आज पटना से एनडीआरएफ की टीम लापता लोगों को खोजने के लिए पहुंची। जामताड़ा जिले में गुरुवार की शाम अचानक आये आंधी-तूफान के कारण बीरबेंदिया की ओर से वीरगांव-श्यामपुर गांव की ओर आ रही एक नाव के पलट जाने से उस पर सवार 19 लोग डूब गये थे। 8 बाइक भी डूब गयी थी। 19 में से पांच लोग तो तैरकर किसी तरह बाहर आ गये थे, लेकिन 14 लोग लापता थे।

भारत-नेपाल सीमा पर करोड़ों की चरस बरामद, महिला समेत 2 तस्कर गिरफ्तार

बेतिया। भारत-नेपाल सीमा पर बिहार के पश्चिम चंपारण जिले के सिकटा थाना क्षेत्र से पुलिस और सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने छापेमारी कर भारी मात्रा में चरस की खेप बरामद की है। इस मामले में एक महिला सहित 2 तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया बलिरामपुर गांव से 13 किलोग्राम से ज्यादा मूल्य की नेपाली चरस जब्त करने में सफलता मिली है। सिकटा एसएसबी के डिप्टी कमांडेंट सतीश कुमार गुप्ता को सूचना मिली कि एक महिला तस्कर भारी मात्रा में चरस की खेप लेकर नेपाल से भारतीय सीमा में प्रवेश कर गई है। सूचना मिलते ही एसएसबी ने सिकटा पुलिस को सूचना देते हुए एक टीम का गठन किया।

हेल्थकेयर सिस्टम में रिफॉर्म के प्रयास जारी, एक भारत एक स्वास्थ्य की भावना से कर रहे काम : मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कहा कि हम स्वास्थ्य देखभाल बुनियादी ढांचे पर काम कर रहे हैं, जो केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं है। हम एक भारत एक स्वास्थ्य का लक्ष्य लेकर काम कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा सबसे पहले तो आप सभी को दुनिया के सबसे बड़े वैक्सीनेशन मिशन को सफलतापूर्वक चलाने के लिए 130 करोड़ देशवासियों की तरफ से मैं बहुत बहुत बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन हो, फिट इंडिया मिशन हो, पोषण मिशन हो, मिशन इंद्रधनुष हो, आयुष्मान भारत हो, जल जीवन मिशन हो, ऐसे सभी मिशन को हमें ज्यादा से ज्यादा लोगों तक लेकर जाना है।

उन्होंने कहा कि ये बजट बीते 7 साल से हेल्थकेयर सिस्टम को रिफॉर्म और ट्रांसफॉर्म करने के हमारे प्रयासों को विस्तार देता है। हमने अपने हेल्थकेयर सिस्टम में एक समग्र दृष्टिकोण को अपनाया है। इस समय हमारा फोकस स्वास्थ्य पर हो है ही, कल्याण पर भी उतना ही है। कोरोना वैक्सीनेशन में कोविन जैसे प्लेटफॉर्म के माध्यम से हमारी डिजिटल टेक्नोलॉजी का लोहा पूरी दुनिया ने माना है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, कंज्यूमर और हेल्थकेयर प्रोवाइडर के बीच एक आसान इंटरफेस उपलब्ध कराता है। इससे देश में उपचार पाना और देना, दोनों बहुत आसान हो जाएंगे। पीएम मोदी ने कहा कि जब हम हेल्थ सेक्टर में समग्रता की बात करते हैं तो इसमें तीन कारकों का समावेश कर रहे हैं। पहला आधुनिक चिकित्सा विज्ञान से जुड़े इंफ्रास्ट्रक्चर और ह्यूमेन रिसोर्स का विस्तार। दूसरा आयुष जैसी पारंपरिक भारतीय चिकित्सा पद्धति में अनुसंधान को प्रोत्साहन करना। तीसरा आधुनिक और भविष्य की तकनीक के माध्यम से देश के हर व्यक्ति, हर हिस्से तक बेहतर और सस्ती स्वास्थ्य सेवा सुविधाएं पहुंचाना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि क्रिटिकल हेल्थकेयर सुविधाएं ब्लॉक स्तर, ज़िला स्तर और गांवों के नज़दीक हों। इस इंफ्रास्ट्रक्चर को बनाए रखना और समय-समय पर अपग्रेड करना जरूरी है। इसके लिए प्राइवेट सेक्टर और दूसरे सेक्टर्स को भी ज्यादा ऊर्जा के साथ आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि प्राइमरी हेल्थकेयर नेटवर्क को सशक्त करने के लिए डेढ़ लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर्स के निर्माण का काम भी तेज़ी से चल रहा है।

प्रियंका गांधी बोली- यूपी में बीते तीन दशक से केवल हो रही है जाति और धर्म की राजनीति

बलरामपुर, उप्र। यूपी विधानसभा चुनाव में सभी पार्टियां पूरी ताकत से प्रचार में जुटी हैं। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने शनिवार को उत्तर प्रदेश की निराशाजनक स्थिति के लिए जाति और धर्म की राजनीति को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि विकास के केवल बड़े दावे किए गए लेकिन पिछले 30 वर्षों (तीन दशक) से केवल जाति और धर्म की राजनीति हो रही है। कांग्रेस नेता ने पीएम नरेंद्र मोदी पर भी कटाक्ष किया कि वह राज्य के किसानों के सामने आवारा पशुओं की वजह से उत्पन्न समस्या से अनभिज्ञ हैं। उन्होंने भाजपा पर विज्ञापनों पर करोड़ों रुपये खर्च करने का आरोप लगाते हुए कहा कि प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सब भाजपा के हैं लेकिन यहां विकास के नाम पर कुछ भी नहीं है। उन्होंने सवाल उठाया कि आखिर ऐसी स्थिति क्यों हुई और जवाब दिया कि इसका सीधा जवाब है कि पिछले 30

वर्षों से जाति और धर्म के नाम पर राजनीति हो रही है। उन्होंने कहा, पहले आपने बसपा को आजमाया, फिर सपा और अब भाजपा पिछले पांच सालों से सत्ता में है लेकिन कोई काम नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि सत्ता में आने वाले इन सभी दलों के नेताओं को पता है कि विकास के नाम पर नहीं सिर्फ जाति और धर्म के नाम पर वोट मिलता है, इसलिए वे जाति और धर्म की बात करेंगे और आपकी भावनाओं का शोषण करेंगे तो उन्हें बिना कोई काम किये भी वोट मिल जाएगा। उन्होंने कहा, आपने इसे उनकी (नेताओं की) आदत बना दी है कि काम करने की कोई जरूरत नहीं है। आप भावनात्मक मुद्दों पर आंखें बंद करके मतदान करेंगे, भले ही आपके बच्चे बेरोजगार हों। भाजपा नेताओं पर हमला करते हुए उन्होंने कहा, वे यहां आते हैं और पाकिस्तान, आतंकवाद, जाति और धर्म की बात करते हैं लेकिन कोई आपके बारे में बात नहीं करता है। आवारा पशुओं की समस्या का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उन्होंने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर इस मुद्दे को हल करने के लिए सुझाव दिया था कि छत्तीसगढ़ मॉडल यहां लागू किया जा सकता है लेकिन कोई जवाब नहीं आया। उन्होंने तंज करते हुए कहा, पिछले हफ्ते प्रधानमंत्री ने कहा था कि उन्हें आवारा मवेशियों की समस्या के बारे में नहीं पता है जो पिछले पांच सालों से जारी है।

एक दर्जन झुग्गी झोपड़ियों में विकाल आग धमाकों में दहला इलाका

लखनऊ। लखनऊ में गुडंबा के जाहिरापुर इलाके में शनिवार को झुग्गी बस्ती में आग लग गई। कुछ ही देर आग ने विकराल रूप ले लिया। एक के बाद एक आग झुग्गी झोपड़ी को अपने चपेट के लेती गई। इसी बीच आग की तपिश से गैस सिलेंडर फटने से हुए धमाकों से दहशत फैल गई। सूचना पर पहुंची करीब आधा दर्जन दमकल की गाड़ियों ने डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। जाहिरापुर इलाके में खाली पड़े प्लाट में बड़ी संख्या में एक खाली पड़े प्लॉट में लोग झोपड़ी बनाकर रहते हैं। गुडंबा पुलिस के मुताबिक सुबह करीब 11 बजे किसी झोपड़ी में चूल्हे की चिंगारी से आग लगने की सूचना मिली।

देखते ही देखते आग पड़ोस की झोपड़ियों को भी अपनी जद में ले लिया। आग की लपटें देख आस पड़ोस के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया। पहले तो वहां रह रहे लोगों ने खुद ही बाल्टी से पानी फेंककर आग पर काबू पाने का प्रयास किया। इस बीच आग बेकाबू हो गई। बस्ती में भगदड़ मच गई। सूचना पर पुलिस व इंदिरानगर, चौक और बीकेटी फायर स्टेशन से करीब आधा दर्जन गाड़ियां मौके पर पहुंच गईं। दमकल कर्मियों ने करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया। बस्ती में कबाड़ का काम करने वाले रहते हैं। बस्ती में कबाड़ का सामान अधिक मात्रा में होने से आग विकराल हो गई। देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। झुग्गी बस्ती में आग की सूचना मिलते ही पुलिस और दमकल कर्मी कुछ ही देर में मौके पर पहुंच गए। आग की लपटों के बीच बस्ती में रह रही महिलाओं और बच्चों को सही सलामत बाहर निकलवाया। दमकल कर्मियों के मुताबिक समय रहते आग पर काबू लिया गया।

न्यूज़ ट्रैक....

ऋद्धिमान को पत्रकार से धमकी की जांच के लिए बीसीसीआई ने गठित की समिति

नई दिल्ली । टीम इंडिया के विकेटकीपर ऋद्धिमान साहा से इंटरव्यू के लिए एक पत्रकार से उन्हें मिली धमकी के खुलासे के बाद इस मामले में बीसीसीआई ने भी कदम उठाया है। बोर्ड ने इस मामले की जांच के लिए तीन सदस्यीय समिति गठित की है, जिसमें बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला, बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण सिंह धूमल और बोर्ड के शीर्ष परिषद सदस्य प्रभतेज सिंह भाटिया शामिल है। साहा ने पत्रकार के वॉट्सएप मैसेज के स्क्रीनशॉट को पिछले दिनों ट्विटर पर शेयर कर दिया था, मगर उन्होंने पत्रकार के नाम का खुलासा करने से इनकार कर दिया था। उनका कहना था कि वह किसी के करियर को नुकसान नहीं पहुंचाना चाहते, मगर अब खबर आ रही है कि वह नाम का खुलासा करने के लिए तैयार हैं और जांच के लिए अपनी रजामंदी भी दे दी है। बोर्ड ने बयान जारी करके कहा कि बोर्ड ने एक 3 सदस्यीय समिति गठित की है जो साहा को पत्रकार की धमकी मिलने और धमकाने के मामले की जांच करेगी। बोर्ड ने कहा कि इस मामले में जल्द से जल्द अगले हफ्ते से कार्रवाई शुरू हो जाएगी। बोर्ड ने कहा कि केंद्रीय अनुबंधित क्रिकेटर को एक पत्रकार के इंटरव्यू के लिये पूछने वाले मैसेज का जवाब नहीं देने के लिये कथित रूप से धमकी दी गयी। इस मामले पर बोर्ड ने साहा से संपर्क किया और इस मामले की जांच के लिये 3 सदस्यीय समिति गठित करने का फैसला किया।

डीजीसी ओपन से शुरु होंगे गोल्फ मुकाबले

नई दिल्ली ।अगले साल यहां 24 से 27 मार्च तक होने वाले पांच लाख डॉलर इनामी राशि वाले डीजीसी ओपन के साथ ही देश में करीब ढाई साल बाद एशियाई टूर के मुकाबले खेले जाएंगे। कोरोना संक्रमण के कारण ये अब तक नहीं हुए थे। इस टूर्नामेंट का आयोजन नये लोधी कोर्स पर किया जाएगा। यह नया टूर्नामेंट 2022 एशियाई टूर कैलेंडर के सत्र के शुरुआती हिस्से के मुख्य टूर्नामेंटों में से एक होगा। दिल्ली गोल्फ क्लब के अध्यक्ष मनजीत सिंह ने कहा कि डीजीसी ओपन नया टूर्नामेंट है जिसे गैरी प्लेयर द्वारा डिजाइन नये कोर्स पर खेला जाएगा। यह इससे जुड़े सभी लोगों के लिए नई शुरुआत होगी। उन्होंने कहा कि इस टूर्नामेंट से भारत में अंतरराष्ट्रीय गोल्फ टूर्नामेंट की वापसी में दिल्ली गोल्फ क्लब को अहम भूमिका निभाने का अवसर मिला है। गौरतलब है कि भारत में पिछली एशियाई टूर प्रतियोगिता का आयोजन नवंबर 2019 में पैनासोनिक ओपन इंडिया के रूप में किया गया था।

धोनी के प्रशंसक हैं पाक खिलाडी शाहनवाज

लाहौर । पाकिस्तान के युवा क्रिकेटर शाहनवाज दहानी भारतीय टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी के प्रशंसक हैं। शाहनवाज के अनुसार गत वर्ष टी20 विश्व कप 2021 के दौरान धोनी से हुई मुलाकात को वह जिंदगी भर नहीं भूलेंगे। शाहनवाज के अनुसार धोनी से मुलाकात किसी सपने के साकार होने जैसी थी। इस दौरान उन्हें इस महान खिलाड़ी से अहम बातें सीखने को मिलीं। शाहनवाज के अनुसार अब वह इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर से भी मिलना चाहते हैं। दहानी ने कहा, मैं न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड के अनुसार ही तेज गेंदबाजी करना चाहता हूं।

कश्मीर की इंशा बशीर बनीं महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल की पहली खिलाड़ी

श्रीनगर । हौंसला हो तो कुछ भी संभव हो सकता है कुछ ऐसा ही जम्मू और कश्मीर की इंशा बशीर ने कर दिखाया। इंशा पैरालम्पिक में भारतीय व्हीलचेयर बास्केटबॉल महिला टीम को देखने का सपना देख रही हैं। राष्ट्रीय चैम्पियनशिप सहित कई स्पर्धाओं में खेल चुकी इंशा ऐसी गेम खेल रही हैं जिसमें महिलाओं की बराबरी न के बराबर रही थी। लेकिन उनके हार नहीं मानी। लड़कों की टीम में खेली, कई टूर्नामैंट जीते और आज वह उस मुकाम पर पहुंच चुकी हैं कि उन्होंने महिला व्हीलचेयर बास्केटबॉल टीम बना ली है। उनका अगला लक्ष्य पैरालम्पिक में मैडल लाना है। 15 साल की उम्र में अपनी चलने की शक्ति खो चुकी इंशा की यह सफलता कभी आसान नहीं रही। उनका जीवन बहुत ही चुनौतीपूर्ण था। इंशा जब इंटर में थी तो 2008 में वह हादसे का शिकार हो गई। गैस्ट्रिक अल्सर से पीड़ित इंशा को हादसे के दिन खून की उल्टी हो रही थी और चक्कर आ रहे थे। वह बालकनी में ताजी हवा लेने गई तो बदहवास होकर छत से गिर पड़ी। उनकी रीढ़ की हड्डी में गंभीर चोट आई है। कई सर्जरियां हुईं। जीवन व्हीलचेयर पर आ गए। 9 साल बिस्तर पर बिताए। इंशा कहती हैं कि प्लेट लगी होने के कारण वह बैठ भी नहीं पाती थी। बीमारी से उभरना मुश्किल रहा। लोगों की फिक्र सही शब्द नहीं ढूंढ पाती थी। उनकी फिक्र में हमदर्दी कम और ताने ज्यादा रहते थे। वह कहते थे- अब कौन करेगा इससे शादी। माता-पिता पर बोझ बढ़ गया। लेकिन इसके बावजूद मेरे माता-पिता ने हार नहीं मानी। उन्होंने मेरा साथ दिया। उन्हें यकीन था कि उनकी बेटी एक दिन उनका नाम रोशन करेगी। इसलिए मैंने खुद को साबित करने के लिए खेलों को चुना।

इंशा कश्मीर के बडगाम के एक छोटे से गांव की थी इसलिए उसे शफकत पुनर्वास केंद्र जाना पड़ा। वहां जिंदगी आसान नहीं थी लेकिन वहां लोगों ने उन्हें बास्केटबॉल खेलने के लिए प्रेरित किया। 2017 में हैदराबाद में हुई नैशनल चैम्पियनशिप में हिस्सा लेकर हौसला बढ़ा। उस समय लड़कों की टीम में खेलना होता था क्योंकि लड़कियों के लिए अलग से कोई टीम नहीं थी। फिर कई नैशनल इवैंट्स खेले। इंशा बताती है कि उनके हिजाब पहनने के कारण कुछ उसके प्रति निराशावादी थे। लेकिन जैसे-जैसे वह आगे बढ़ती गई लोग उनका स्वागत करने लगे। खास तौर पर अधिकारियों ने हर संभव मदद की। कई राज्य तो अपनी टीमों में शामिल होने के प्रस्ताव देते थे। मैं कश्मीर से ही खेलना चाहती थी इसलिए जम्मू-कश्मीर व्हीलचेयर बास्केटबॉल महिला टीम बनाई। इसमें बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया ने सहयोग किया।

2019 में इंशा को स्पोर्ट्स विजिटर प्रोग्राम में भाग लेने के लिए अमरीकी वाणिज्य दूतावास द्वारा आमंत्रित किया गया। फैडरेशन ने यहां 2019 में कैंप आयोजित किया जिसमें 12 लड़कियां सिलैक्ट हुईं। खेल मंत्री किरेन रिजिजू ने साथ दिया। सर्जरी करवाई। राष्ट्रीय चयन शिविर में भाग लेने के लिए टिकट और अन्य सभी चीजों की व्यवस्था की। लाखों की स्पोर्टस व्हीलचेयर दिलाई। खेल मंत्रालय से दीन दयाल उपाध्याय कल्याण के तहत 6 लाख का फंड जारी हुआ। यह किसी भी खिलाड़ी का हौसला बढ़ाने के लिए काफी था।

भारत-श्रीलंका के बीच दूसरे टी20 मैच में बाधा बन सकती है बारिश

मौसम के मिजाज के चलते पिच तेज गेंदबाजों को करेगी मदद

धर्मशाला । टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की श्रंखला के दूसरे टी20 मैच में बारिश की आशंका जताई जा रही है। दोनों टीमों के बीच दूसरा टी20 मैच शनिवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में खेला जाएगा। मैच वाले दिन पूरे दिन बारिश की संभावना जताई गई है। मौसम विभाग के मुताबिक, धर्मशाला में देर रात तक बारिश की संभावना जताई गई है। ऐसे में रोहित शर्मा की अगुआई वाली टीम इंडिया को लगातार 11वां टी20 मुकाबला जीतने के लिए थोड़ा और इंतजार करना पड़ सकता है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार शाम 7-00 बजे से खेला जाएगा।

भारत ने लखनऊ में खेले गए पहले टी20 में मेहमान श्रीलंका को 62 रनों से पराजित कर लगातार 10 टी20 मैच जीतने का रिकॉर्ड बनाया था। मैच वाले दिन धर्मशाला में दिन का तापमान 7 डिग्री रहने का अनुमान है, जो रात को गिरकर 4 डिग्री तक जा सकता है। शनिवार को 60 प्रतिशत से अधिक बारिश की संभावना है। यदि रूक रूककर बरसात होती रही तो फिर पूरे ओवर का खेल भी संभव नहीं हो पाएगा। धर्मशाला के स्टेडियम को देखते हुए ग्राउंडस्टाफ के लिए चुनौती बढ़ जाएगी। मौसम की वजह से धर्मशाला के हिमाचल प्रदेश क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम की पिच तेज गेंदबाजों को मदद करेगी। यहां हाई स्कोरिंग मुकाबले की उम्मीद बेहद कम है। 150-160 रन का स्?कोर मैच विनिंग साबित हो सकता है।

भारतीय टीम ने इस स्टेडियम में अभी तक कुल 2 टी20 मुकाबले खेले हैं। साल 2015 में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच उद्घाटन मुकाबला खेला गया था, जिसमें मेहमान प्रोटियाज टीम ने भारत को 7 विकेट से हराया था। इसके बाद साल 2019 में भारत को फिर साउथ अफ्रीका से भिड़ना था, लेकिन वह मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया था। अभी तक यहां कुल 7 टी20 खेले गए हैं, जिनमें पहले बल्लेबाजी करने वाली टीम ने 4 मैचों में विजय पताका फहराई है जबकि चेज करने वाली टीम 2 बार विजेता रही है।

श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच जीतकर रोहित शर्मा दर्ज कर सकते हैं अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड

नई दिल्ली । टीम इंडिया और श्रीलंका के बीच 3 मैचों की श्रंखला का दूसरा टी20 मैच शनिवार को धर्मशाला के एचपीसीए स्टेडियम में शनिवार शाम 7-00 बजे से खेला जाएगा। टीम इंडिया ने लखनऊ में खेले गए पहले टी20 मैच में मेहमान श्रीलंका को 62 रन से हराकर 3 मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। फुल टाइम कप्तान बनने के बाद रोहित शर्मा टी20 क्रिकेट में अभी तक शानदार शानदार कप्तानी की है। हिटमैन की कप्तानी में टीम इंडिया ने नवंबर 2021 से अभी तक लगातार 7 टी20 मैच जीत चुकी है। भारत का यह सिलसिला न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज से शुरू हुआ। टीम इंडिया को आखिरी बार टी20 वर्ल्ड कप 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार मिली थी। उसके बाद से भारत ने जोरदार वापसी की है। श्रीलंका के खिलाफ दूसरा टी20 मैच जीतकर रोहित शर्मा अपने नाम बड़ा रिकॉर्ड दर्ज कर सकते हैं। टीम इंडिया यदि धर्मशाला टी20 को जीतने में सफल रहती है।

दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर

दोस्तों के साथ आउटिंग पर निकलीं सुहाना खान, वीडियो किया शेयर शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। आये दिन सुहाना अपने फोटो और वीडियोज शेयर करती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने दोस्तों के साथ वहीं कुछ तस्वीरें पोस्ट की हैं, जो इंटरनेट पर खूब वायरल हो रही हैं। सोशल मीडिया पर सुहाना की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। वह उन ग्लैमरस स्टार किड्स में से एक हैं, जो फैन्स से अपने दमपर कनेक्ट रहा करती हैं। सुहाना ने अपनी दो फ्रेंड्स के साथ तस्वीरें और एक वीडियो भी शेयर किया है। इन तस्वीरों और वीडियो को पोस्ट करते हुए सुहाना ने लोगों का ध्यान खींचने वाला कैप्शन लिखा है। उन्होंने लिखा कि पीचेस एंड द बिग एप्पल। सुहाना की ये तस्वीरें न्यूयॉर्क की हैं। वह इस समय अपनी फ्रेंड्स के साथ अपने कॉलेज के दिनों को भरपूर इंजॉय कर रही हैं। इन तस्वीरों में वह पर्पल बॉडीकॉन ड्रेस में काफी खूबसूरत दिख रही हैं और फैन्स भी उनके इस लुक की जमकर तारीफ कर रहे हैं। सुहाना और उनके फ्रेंड्स की इन तस्वीरों पर उनके अन्य कॉमन फ्रेंड्स भी कॉमेंट करते नजर आए हैं। सुहाना की बेस्ट फ्रेंड्स में से एक शनाया कपूर भी बॉलिवुड में एंट्री करने जा रही हैं और इसकी खुशी उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जाहिर की थी।

एली अवराम ने शूटिंग के दौरान गिफ्ट में मिले मौजे दिखाए

अभिनेत्री एली अवराम ने सोशल मीडिया पर 'सेक्सी च्की सॉक्स' का नया जोड़ा दिखाया, जो उन्हें 'हर फन मौला' गाने की शूटिंग के दौरान गिफ्ट किया था। इंस्टा पर पोल्का-डॉटेड मोजे की एक तस्वीर साझा करते हुए एली ने लिखा, जब मुझे हर फन मौला शूट के दौरान सेक्सी च्की मोजे की एक जोड़ी गिफ्ट की गई थी! आमिर खान के साथ काम करने के अपने अनुभव को साझा करते हुए एली ने 14 मार्च को अभिनेता के जन्मदिन पर एक इंस्टाग्राम पोस्ट लिखा, वास्तव में मुझे देखने के लिए धन्यवाद, मेरी प्रतिभा की सराहना करते हुए और मुझे सिल्वर स्क्रीन पर अपने साथ जादू पैदा करने का यह मौका दिया! आप वास्तव में एक पूर्णतावादी हैं और आपसे सीखने के लिए बहुत कुछ है। आपने मुझे जो खूबसूरत यादें दी हैं, उसके लिए धन्यवाद। आप हमेशा साथ चमकते रहें। एली ने आगामी फिल्म कोई जाने ना में बॉलीवुड के सुपरस्टार आमिर खान के साथ डांस नंबर में अभिनय किया। इसे आमिर की लगान के सह-कलाकार अमीन हाजी ने निर्देशित किया है।

कोरोना के मामले बढ़ने के चलते बंटी और बबली 2 की रिलीज डेट स्थगित

रानी मुखर्जी और सैफ अली खान अभिनीत फिल्म बंटी और बबली 2 की रिलीज तारीख को कोरोना के बढ़ते प्रकोप के चलते स्थगित कर दिया गया है। यह फिल्म पहले 23 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज होनी थी। फिहलाल अभी फिल्म के रिलीज की नई तारीख की अभी घोषणा नहीं हुई है। तरण आदर्श ने ट्वीट कर फिल्म की रिलीज डेट टलने की जानकारी दी है। तरण आदर्श ने ट्विटर पर यह जानकारी दी है जिसमें लिखा है, बंटी और बबली जो कि सिनेमाघरों में 23 अप्रैल 2021 को रिलीज होनेवाली थी, यह पोस्टपोन हो चुकी है। यशराज फिल्म्स की तरफ से जल्द ही नई डेट की घोषणा की जाएगी। बंटी और बबली 2 2005 की हिट फिल्म बंटी और बबली की अगला पार्ट है। जिसमें रानी मुखर्जी, अभिषेक बच्चन और अमिताभ बच्चन ने अभिनय किया है। सीक्वल में सिद्धांत चतुर्वेदी और शारवरी वाघ भी हैं। पहला पार्ट हास्य, नाटक, मेलोड्रामा, रोमांस और संगीत पर अधिक चली और दर्शकों द्वारा प्यार की बौछार की गई। अगला पार्ट यह पारिवारिक फिल्म है, जो लोगों को हंसाने वाली है। बंटी और बबली 2 का निर्देशन वरुण वी शर्मा ने किया है।

समीर सोनी आत्म खोज पर लिख रहे किताब

अभिनेता समीर सोनी लेखक के रूप में अपनी शुरुआत करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह चिंता और आत्म-खोज के बारे में माई एक्सपेरिमेंट्स विद साइलेंस नामक पुस्तक लिख रहे हैं। किताब को इस वर्ष रिलीज किया जाएगा। सोनी किताब में दिल्ली में अपने अनुभवों, वाल स्ट्रीट में बिताए अपने कार्यकाल और बॉलीवुड में गुजारे समय के अपने अनुभव के बारे में लिखेंगे। लंबे समय से, एक नोटबुक और एक कलम मेरे सबसे करीबी साथी रहे हैं।

हॉलीवुड में फिल्म बनाने की तैयारी में नीतू चंद्रा



नीतू चंद्रा ने हाल ही में सोनी मोशन पिक्चर्स की 'नेवर बैक डाउनः रिवॉल्ट' में लीड रोल निभाकर फिर से सुर्खियां बटोरीं. अब नीतू की किट्टी में आगे क्या है क्या वह एक फिल्म का निर्माण करेंगी या फिर एक और हॉलीवुड फिल्म बॉलीवुड में छह फिल्में छिनने के बाद उन्होंने हॉलीवुड का रुख किया था जहां उन्हें लगातार काम मिल रहा है. फैंस को लगने लगा है कि नीतू का हॉलीवुड करियर अगर ऐसे ही चलता रहा तो वो जल्दी है प्रियंका चोपड़ा की तरह हॉलीवुड में नई बुलंदियां छू लेंगी. एक सूत्र के अनुसार,नीतू लॉस एंजिल्स में कई निर्देशकों और प्रोडक्शन हाउस के साथ बातचीत कर रही हैं. उनके लिए कुछ बहुत बड़ी योजना बनाई जा रही है! जाहिर है, पहले की फिल्मों में उनके शानदार अभिनय ने उन्हें विभिन्न परियोजनाओं में एक पसंदीदा विकल्प बना दिया है. यही वजह है कि नीतू स्क्रिप्ट पढ़ने और साथ ही कुछ कहानियां सुनकर खुद को व्यस्त रख रही हैं. नीतू ने ओए लकी ओए, ट्रैफिक सिग्नल, गरम मसाला, रण जैसी कुछ फिल्मों में काम किया. बिहार की पहली अभिनेत्री जिसने हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउन' में प्रमुख किरदार निभाया है, नीतू अब 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' में एक फ्रीडम फाइटर की भूमिका निभाते हुए नज़र आएंगी. नीतू चंद्रा ने बताया कि वह अपनी हॉलीवुड फिल्म 'नेवर बैक डाउनः रिवोल्ट' की शूटिंग पूरी करके वापस आ चुकी हैं. यह फिल्म जून-जुलाई में रिलीज होगी. नीतू ने हॉलीवुड में लीड रोल पाने के बाद बॉलीवुड के उन लोगों के चेहरे पर करारा तमाचा मारा है जिन्होंने उनसे बैक टू बैक 6 फिल्में छीन ली थी. अब नीतू के हाथ 3 और हॉलीवुड फिल्में मिल गई हैं. उन्होंने बताया है कि उनसे बॉलीवुड में लगातार 6 फिल्में छीन ली थी. यहां उनके टैलेंट की कदर नहीं की गई मगर हॉलीवुड ने उनके टैलेंट को पहचाना और उन्हें काम करने का मौका दिया. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में मेरा कोई गॉड फादर नहीं रहा है, मुझे मेरी मेहनत और टैलेंट के दम पर काम मिला है. भगवान की कृपा से साल 2021 मेरे लिए अच्छा साबित होने वाला है. इस साल मेरी हिंदी फिल्म भगवना भरोसे भी रिलीज होने वाली है. नीतू ने कहा- बॉलीवुड में कभी मेरे टैलेंट की कदर नहीं की गई. मेरी कोई गलती नहीं थी।

मैं अपना खुद का एक सौंदर्य मानक बनाना चाहती हूं : भूमि पेडनेकर

फिल्म 'दम लगा के हईशा' में एक ओवरवेट लड़की का किरदार निभाने से लेकर फिल्म 'सोनचिरैया' में पितृसत्ता से जूझ रही एक शानदार किरदार निभाने वाली अभिनेत्री भूमि पेडनेकर का कहना है कि वह सर्वोत्कृष्ट बॉलीवुड अभिनेत्री की छवि का पालन करने से इनकार करती हैं। भूमि ने कहा कि वह इन भूमिकाओं के माध्यम से महिलाओं के बारे में लोगों के सोचने के तरीके को बदलना चाहती हैं।

उन्होंने कहा, कई लोगों के लिए, यह हमेशा बाहरी शारीरिक सुंदरता के बारे में ही रहा है। लेकिन वे दिन गए, जब लोग चिंतित थे (केवल उसी के बारे में)। मेरी सोच यह है कि इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। मैं आपकी परिभाषा बदलने जा रहा हूं कि आखिर सर्वोत्कृष्ट हिंदी सिनेमा की एक महिला कलाकार क्या होती है। वह कहती हैं, हम सभी इस पेशे में हैं ङ्क विचार यह है कि इन सभी अलग-अलग हिस्सों का प्रदर्शन किया जाए और इन अद्भुत कहानियों का हिस्सा बना जाए, जो लोगों को आगे बढ़ाते हैं, एक बदलाव लाते हैं। ठीक यही मैं करने जा रही हूं। भूमि कहती हैं कि वह महिलाओं के लिए निर्धारित सौंदर्य मानक को स्वीकार करने से इनकार करती हैं। उन्होंने कहा, मैं अपना खुद का एक सौंदर्य मानक बनाना चाहती हूं और ठीक यही मैं करने की कोशिश कर रही हूं।

तूफान के लिए दो साल से ट्रेनिंग ले रहे हैं फरहान, एक पुराना वीडियो किया शेयर!

फरहान अख्तर जल्द ही आगामी स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म तूफान में एक बॉक्सर की भूमिका में नजर आएंगे। वही, टीजर रिलीज के बाद से ही इस फिल्म ने जबरदस्त हलचल पैदा कर दी है। 2 साल पहले का एक थ्रोबैक वीडियो साझा करते हुए जब उन्होंने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए ट्रेनिंग शुरू कर दी थी। फिल्म में फरहान अख्तर डोंगरी से एक गुंडे की भूमिका निभाते हुए दिखाई देंगे जो एक राष्ट्रीय मुक्केबाज बनने का सफर तय करता है। निस्संदेह, अभिनेता लंबे समय से इस किरदार के लिए ट्रेनिंग ले रहे हैं, यही वजह है कि उन्हें अपने द्वारा निभाये गए किरदारों के प्रति अपने समर्पण के लिए जाना जाता है। फिल्म का निर्माण रितेश सिधवानी, राकेश ओमप्रकाश मेहरा और फरहान अख्तर द्वारा किया गया है। तूफान का निर्देशन राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने किया है जिसमें फरहान अख्तर ने अभिनय किया है।

ग्रीन आउटफिट में दीपिका पादुकोण लगीं बेहद स्टनिंग

बॉलीवुड एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण साड़ी, लहंगा, बेल बॉटम पैंट्स हो या फिर कोई ड्रेस. इंडियन हो या वेस्टर्न वह हर स्टाइल में बेहद खूबूसरती लगती हैं. दीपिका अक्सर अपने लेटेस्ट फोटोशूट की तस्वीरें शेयर करती हैं. हाल ही में उन्होंने ग्रीन आउटफिट में एक मजेदार कैप्शन के साथ फोटो शेयर की है. इस फोटो में दीपिका हमेशा की तरह बला की खूबसूरत लग रही हैं. दीपिका का फैशन सेंस कमाल हैं. वह फैशनिस्टा के बीच अपने स्टाइल स्टेटमेंट को लेकर हमेशा पॉपुलर रहती हैं. फिर चाहे उनका कैजुअल लुक हो या रेड कार्पेट लुक. इसके अलावा दीपिका सोशल मीडिया पर दिलचस्प कैप्शन के साथ फोटोज शेयर करने में भी माहिर हैं. उनके फोटोज और वीडियोज सोशल मीडिया पर आते ही वायरल हो जाते हैं. दीपिका ने हाल ही में ग्रीन आउटफिट पहने अपनी एक फोटो शेयर की है. इस फोटो को शेयर करते हुए दीपिक ने मजेदार कैप्शन लिखा है. उनकी इस फोटो को फैंस ने खूब पसंद किया है. दीपिका ने ग्रीन कलर का क्रॉप टॉप पहना है. एक्ट्रेस ने टॉप को ग्रीन कलर के वाइड लेग्ड लेदर पैंट्स के साथ पेयर अप किया है. एक्ट्रेस ने अपने आउटफिट से मैच करते हुए ग्रीन और व्हाइट स्नीकर्स पहने हैं. एक्ट्रेस ने टोन्ड मेकअप करते हुए ग्लैम टच दिया है. उन्होंने आंखों को स्मोकी लुक देते हुए चीक्स को हाइलाइट किया है और न्यूड लिपस्टिक लगाई है. वहीं, वर्क फ्रंट की बात करें तो दीपिका पादुकोण रणवीर सिंह के साथ 83 में नजर आएंगी. इसके अलावा वह शगुन बत्रा की अनटाइटल्ड फिल्म में नजर आएंगी।

अगर आप भी है टैटू बनवाने के शौकीन, तो टैटू बनवाते वक्त ध्यान रखें ये बातें!

आपने देखा होगा की बहुत से लोग शरीर पर टैटू बनवाने के बहुत शौकीन होते है। खासतौर पर आजकल के युवाओं को टैटू का बहुत ही क्रेज होता है। आपको ये तो पता ही होगा कि एक छोटे से टैटू को भी बनवाने में हमारे शरीर को काफी दर्द सहन करना पड़ता है। लेकिन उससे इतर आजकल लोग बिना दर्द की परवाह किए अपने शरीर के भिन्न-भिन्न अंगों पर टैटू गुदवा रहे हैं। यदि आपने भी भी अपने शरीर के किसी अंग पर टैटू गुदवाया है या फिर टैटू गुदवाने की सोच रहे हैं तो आपको बता दें कि खुबसूरत दिखने की चाहत में टैटू गुदवाने का यह शौक आपको काफी महंगा पड़ सकता है। आज हम आपको बताने जा रहे है इसकी वजह से होने वाली कुछ बीमारियों के बारे में। साथ ही हम आपको ये भी बताएंगे कि टैटू गुदवाते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए। तो आइए जानते हैं..

1. टैटू बनवाने के शौक है लेकिन कई बार कुछ लापरवाही के चलते टैटू बनवाना भारी पड़ जाता है। ऐसे में थोड़ी सी सावधानी रखकर आप इससे बच सकते हैं।
2. टैटू बनवाने के बाद इस बात का ध्यान रखें की खुद को और जहां टैटू बनवाया है उसके धूप से बचाएं। ज्यादा समय तक धूप में रहने से घावों में जलन बढ़ जाती है। इसके आलाव पसीना ज्यादा आने से भी घाव में इफेंक्शन होने का डर रहता है। इसके लिए खुद को एक से दो हफ्तों तक टैटू को धूप से बचाएं।
3. ध्यान रहें टैटू वाले हिस्से को साफ कपड़े या टिशू से साफ करते रहें। साफ ठंडा पानी डालते रहे इससे हो रही जलन में आराम मिलेगा।
4. इसके अलावा अगर बाहर जा रहे हैं तो अच्छी कंपनी का सनस्क्रीन उस हिस्से पर लगाएं। साथ ही बिना खुशबू वाला माश्चराइजर भी लगा सकते हैं।
5. वहीं अगर टैटू बनवाते समय अगर कोई छाला हो जाता है तो इसके लिए ठंडे पानी की छींटे डालते रहें। आइसपैक लगाएं, इससे छाले पर आराम मिलेगा।
6. अगर पैरों में टैटू बनवाया है तो सही तरह के जूतें रहने हालांकि गर्मियों में शूज पहनना संभव नहीं है लेकिन ऐसे जूते पहनने से भी बचे जिससे टैटू सीधे धूप के संपर्क में आता हो।
7. टैटू बनवाने के कुछ समय तक जब तक उसके घाव पूरी तरह ना भर जाएं, पानी से बचें। इससे मतलब है कि स्वीमिंग पूल, बोटिंग जैसी खेलों से बचें जहां पानी का ज्यादा इस्तेमाल हो। इससे इंस्फेक्शन का खतरा रहता है।

चेहरे पर आ गए हों अनचाहे बाल तो हटाने के लिए घर पर ही बनाएं नेचुरल वैक्स

महिलाएं खुद को खूबसूरत दिखाने के लिए कई उपाय करती हैं। इसके साथ ही वो पार्लर में भी अपने चेहरे पर हजारों रुपए खर्च करने से नहीं कतराती हैं। महिलाएं चेहरे के बालों को हटाने के लिए पार्लर जाकर वैक्स का सहारा लेती हैं। जिसमें कुछ दिक्कतें और पैसों की भी बर्बादी होती है। महिलाओं की इसी समस्या को ध्यान में रखते हुए हम इसका घरेलू समाधान लेकर आए हैं। जिसके इस्तेमाल से आप बेहद आसानी और कम समय में चेहरे के बालों की समस्या से निजात पा सकती हैं।

सामग्री: चीनी- 6 टेब्लस्पून, शहद- 2 टेब्लस्पून, पानी- 3 टेब्लस्पून, नींबू का रस- 1/2 चम्मच

विधि: वैक्स बनाने की घरेलू विधि में सबसे पहले इन सभी चीजों को बर्तन में डालकर धीमी आंच पर चीनी घुलने तक गर्म करें। इन सामग्री को गर्म करते हुए चलाते रहें। तैयार है आपका घरेलू वैक्स। जिसे आप कटोरी में डालकर तुरंत इस्तेमाल कर सकते हैं।

फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन डे

एक ऐसा अपराध है जिससे विश्व की अनेक महिलाएं प्रभावित हैं. यह कुप्रथा उनकी गरिमा को भंग करती है और उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है विश्व भर में 6 फरवरी को हर साल 'महिला जननांग विकृति के खिलाफ़ शून्य सहनशीलता का अंतरराष्ट्रीय दिवस' फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन डे मनाया जाता है. इसको लेकर यह लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि वर्ष 2030 तक महिला जननांग विकृति की इस कुप्रथा को खत्म कर दिया जाये. वर्तमान में लगभग 20 करोड़ महिलाएं और लड़कियां जहां इस कुप्रथा की शिकार हैं. वहीं हर वर्ष लगभग 40 लाख के इस कुप्रथा का शिकार होने का खतरा बना हुआ है.

जागरूकता फैलाने के लिए मनाया जाता है: इस दिन को लड़कियों और महिलाओं के जननांग विकृति पर जागरूकता पैदा करने और इस कुप्रथा को समाप्ति की ओर कैसे ले जाया जाये, ये समझाने के लिए मनाया जाता है. महिला जननांग विकृति (खतरू) मानवाधिकार के तहत एक ऐसा अपराध है जिससे विश्व की अनेक महिलाएं और लड़कियां प्रभावित हैं. यह कुप्रथा उनकी गरिमा को भंग करती है. उनके स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है और उन्हें ज़बरदस्ती का दर्द देती है. कई बार इस कुप्रथा के चलते उनकी मृत्यु भी हो जाती है।

दुनिया के 92 से ज्यादा देशों में यह कुप्रथा जारी: रोक के बावजूद फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन दुनिया के कई हिस्सों में जारी है. वर्ष 2020 में यूनिसेफ द्वारा जारी किये गए आंकड़ों के अनुसार दुनिया में तकरीबन 20 करोड़ बच्चियों और महिलाओं के जननांगों को नुकसान पहुंचाया गया. यह डेटा 31 देशों से एकत्र किया गया है. इनमें 27 देश अफ्रीका के हैं. साथ ही मालद्वीप, इराक, इंडोनेशिया और यमन से भी आंकड़ें एकत्र किये गए हैं. हाल ही में इक्वलिटी नाउ द्वारा जारी की गयी एक रिपोर्ट के अनुसार यह प्रथा दुनिया के 92 से ज्यादा देशों में अभी भी जारी है.

इन देशों में ये है हाल: रिपोर्ट के अनुसार अमेरिका में तकरीबन 5,00,000 से अधिक लड़कियों एवं महिलाओं को फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन (एफजीएम) से गुजरना पड़ा या इन पर खतरा बना रहा. यूरोप में 60,000, ऑस्ट्रेलिया में 50,000 या उससे अधिक, जर्मनी में 70,000, जबकि ब्रिटेन में 137,000 महिलाओं और लड़कियों के जननांगों को विकृत कर दिया गया और 67,000 से अधिक पर इसका खतरा बना हुआ है.अधिकतर मुस्लिम देशों में इसका चलन अधिक हैं।

क्या होता है फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन: लड़कियों और महिलाओं के जननांगों को विकृत करने की इस कुप्रथा को फीमेल जेनिटल म्यूटिलेशन या एफजीएम कहा जाता है. आम बोलचाल की भाषा में इसको महिलाओं का खतना भी कहते हैं. इस प्रक्रिया में महिला के बाहरी गुप्तांग को काट दिया जाता है. इस प्रकिया से गुजरने वाली लड़कियों को गंभीर दर्द, अत्यधिक रक्तस्राव, संक्रमण, यूरिन पास करने और सदमा लग जाने जैसी दिक्कतों से गुज़रना पड़ता है.

ये है इतिहास: वर्ष 2007 में संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष और संयुक्त राष्ट्र बाल कोष के द्वारा एक संयुक्त कार्यक्रम शुरू किया गया था. वर्ष 2012 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित किया था और 6 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय दिवस के रूप में 'महिला जननांग विकृति के खिलाफ़ शून्य सहिष्णुता' के रूप में इस दिन को नामित किया था. इस दिन यूनाइटेड नेशंस पापुलेशन फण्ड द्वारा महिला जननांग विकृति (एफजीएम) से बचे लोगों को समझाने के लिए और एफजीएम को समाप्त करने के लिए 'ए पीस ऑफ मी' नामक एक अभियान का आयोजन किया जाता है।

हिज़ाब, हंगामा और शिक्षण संस्थान आखिर हर जगह राजनीति क्यों?

सोनम लववंशी

उर्दू के मशहूर शायर मजाज़ लखनवी ने क्या खूब कहा है कि, तेरे माथे पे यह आचंल बहुत खूब है लेकिन तू इस आचंल से एक परचम बना लेती तो अच्छा था। लेकिन वो कहते है ना कि लड़कियों के दु:ख अजब होते हैं, सुख उससे अजब। हँस रही है और काजल भीगता है साथ साथ...! वर्तमान दौर में महिलाओं की स्थिति कुछ इसी तरह की है। महिलाओं के लिए अक्सर समता समानता की बात होती है, लेकिन क्या वास्तव में ऐसा सम्भव है शायद नहीं...! महिला और पुरुष ईश्वर की एक अनुपम संरचना है। जिसमें महिलाओं को पुरुषों से श्रेष्ठ दैवीय वरदान ईश्वर ने दिए है। स्त्री का कोमल मन माँ बनकर एक नये जीवन का सृजन करना, ये ऐसे वरदान है जो हर परिस्थिति में एक महिला को पुरुष से पृथक करते है। लेकिन यहाँ मुद्दा यह नहीं है कि महिला पुरुष में श्रेष्ठ कौन है? यहां चर्चा समता और समानता की भी नहीं हो रही है। बल्कि वर्तमान दौर में महिलाओं के नाम पर एक अलग ही राजनीति इन दिनों चर्चा का केंद्र बनी हुई है। यूं तो महिलाओं को मुद्दा बनाकर राजनीति करना कोई नई बात नहीं है, लेकिन अफ़सोस की महिलाएं खुद इस जंग में मोहरा बनने को बेताब हुए जा रही है। एक तरफ़ इंसान चांद और मंगल पर जीवन की संभावनाएं तलाश रहा है लेकिन दूसरी तरह महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति होना विकृत मानसिकता को प्रदर्शित करता है। क्या कपड़े किसी के व्यक्तित्व की पहचान हो सकते है, बेशक़ नहीं। लेकिन फिर भी देश में इन दिनों एक धर्म विशेष की महिलाओं के कपड़ों के नाम पर राजनीति का बाज़ार गर्म हुए जा रहा है। जिसकी आग कर्नाटक के शिक्षण संस्थानों से देश भर में फैलती जा रही है।

ये सच है कि आज भी देश में महिलाओं को पुरुषों के समान शिक्षा नहीं दी जाती है। खासकर मुस्लिम महिलाओं की बात करें तो उनकी स्थिति तो और बुरी है। ऐसे में कपड़ों के नाम पर शिक्षण संस्थानों में राजनीति करना कहाँ तक उचित है? क्या पहनावा शिक्षा से बढ़कर हो गया है? वैसे देखा जाए तो धर्म कोई भी हो, लेकिन उसके रीति रिवाजों का पालन करने की जिम्मेदारी महिलाओं की ही होती है। पितृसत्तात्मक समाज में महिलाओं को ही मर्यादा की शिक्षा दी जाती है। लक्ष्मण रेखा भी उन्हीं के लिए खींची जाती है। ऐसे में अगर महिलाएं उस सीमा को लांघने का प्रयास करें तो उसके चरित्र पर उंगलियां उठा दी जाती है। यही वजह है कि महिलाएं अक्सर अपने ख़िलाफ़ हो रहे अन्याय का विरोध तक नहीं कर पाती है। वही इन दिनों राजनीति में नया ही प्रयोग शुरू हो गया है। जहां महिलाओं को मोहरा बनाकर देश में अशांति फैलाई जाती है। यहां बात महिलाओं के हक़ या अधिकार की नहीं है, बल्कि महिलाओं को आगे करके किस तरह वैश्विक पटल पर देश को बदनाम करने का खेल रचा जाता है। इससे हर कोई वाकिफ़ है। यह बात समझ से परे है कि आखिर शिक्षण संस्थानों को राजनीति का अखाड़ा क्यों बनाया जा रहा है? यह पहला मामला नहीं है जब शिक्षण संस्थानों में राजनीति का रंग परवान चढ़ा है। देश के एक प्रतिष्ठित कॉलेज में ही राजनीति का नँगा नाच किया गया और विडंबना देखिए कि देश के बड़े राजनीतिक दल ने उसका समर्थन तक किया। आज एक बार फिर शिक्षण संस्थानों में हिज़ाब को लेकर राजनीति हो रही है। देश को हिन्दू मुस्लिम में बांटने का प्रयत्न किया जा रहा है। ऐसे में कहीं यह तो नहीं कि महिलाओं को शिक्षा से दूर रखने की साज़िश की जा रही हो। इस बात से भी इंकार नहीं किया जा सकता क्योंकि आज भी देश में आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाएं अपने अधिकारों से वंचित है।

हमारे ही देश में पुरुषों का एक वर्ग ऐसा भी है जो महिलाओं को चार दिवारी में कैद रखने की वक़ालत करता है। वह किसी कीमत पर नहीं चाहता कि महिलाओं को समान अधिकार मिले, क्योंकि अगर ऐसा होता है तो उनकी सत्ता छीन जाने का भय बना रहेगा। वह चाहते है कि महिलाएं कमज़ोर बनी रहे। जिस पर वह अपनी हुकूमत चला सके। ऐसे में उल्लेखनीय बात यह है कि महिलाओं को इन सबको समझना होगा। तभी उनका सर्वांगीण विकास सम्भव हो पाएगा।

वैसे हमारे देश में महिलाओं को सदैव बड़ों का सम्मान करने की सीख दी जाती रही है। पर इसके लिए क्या घूंघट या हिज़ाब में रहना जरूरी है। डॉ भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि पर्दा प्रथा की वजह से मुस्लिम महिलाओं में दासता और हीनता की मनोवृत्ति बनी रहती है। पर्दाप्रथा के कारण मुस्लिम महिलाओं के मानसिक व नैतिक विकास में अवरोध उत्पन्न होता है। यह सब जानने समझने के बाद भी मुस्लिम महिलाओं का हिज़ाब को लेकर शिक्षण संस्थानों में विरोध प्रदर्शन करना महज़ राजनीति से प्रेरित लगता है। इतना ही नहीं हमने बचपन से ही यही सीखा और सुना है कि स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में यूनिफॉर्म इसलिए होती, ताकि ऊंच-नीच, अमीर-गरीब और जाति-धर्म का भेद भूलकर बच्चें सिर्फ पढ़ाई कर सकें। फ़िर इस तरीके की बेजा कट्टरता किस काम की? मान लीजिए कोई लड़की हिज़ाब पहनकर स्कूल-कॉलेज तक आ भी गई तो क्लास के भीतर तो उसे निकालकर बैठना स्वाभाविक है। ऐसे में शिक्षण संस्थानों में शिक्षा की समुचित व्यवस्था होनी चाहिए, न कि अनर्गल प्रलाप की। धर्म हमें बंटाने का काम कर सकता है, लेकिन इंसानियत हमें जोड़ती है।

ऐसे में इसके लिए प्रयास दोनों तरफ से होना चाहिए और बड़े बुजुर्ग भी कहकर गए हैं कि हमें देश-काल और परिस्थितियों के अनुरूप आचरण करना चाहिए। ऐसे में यह लड़कियों को स्वयं सोचना चाहिए कि वे शिक्षण संस्थानों में व्यक्तित्व विकास और शिक्षा के लिए गई हैं या फिर राजनीति का मोहरा बनने। गौरतलब हो कि कर्नाटक सरकार ने कर्नाटक शिक्षा अधिनियम-1983 की धारा- 133(2) के तहत छात्र छात्राओं को शिक्षण संस्थानों में विश्वविद्यालय प्रशासनिक बोर्ड द्वारा निर्धारित पहनावा पहनने की वक़ालत की है। जिसके पीछे साफ मक़सद है कि शिक्षण संस्थानों में समता व समानता का भाव बना रहे। वहीं भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 में धर्म को मानने उसके रीति रिवाजों का अनुसरण करने की बात कही गई है। लोक व्यवस्था तथा संविधान के भाग 3 के उपबन्धों के तहत ही यह अधिकार दिए गए है। वही संविधान का अनुच्छेद 19 (2) राज्यों को उचित प्रतिबंध लगाने का अधिकार भी देता है। ऐसे में कोर्ट का निर्णय क्या होगा यह तो आने वाला वक़्त ही बताएगा?

सत्य की खोज अनंत

सत्य का अर्थ होता है, अनंत। सत्य की खोज का कोई अंत नहीं होता। यात्रा शुरू तो होती है, पर पूरी नहीं होती। पूरी हो ही नहीं सकती। क्योंकि अगर पूरी हो जाए यात्रा तो उसका अर्थ होगा कि सत्य भी सीमित है। तुम आ गए आखिरी सीमा पर, फिर उसके पार क्या होगा? नहीं, सत्य असीम है। यही तो हमने बार-बार अनेक-अनेक ढंग से कहा है कि परमात्मा अनंत है, असीम है, अपार है, उसका विस्तार है, विराट है। जैसे तुम सागर में उतर गये, यह तो सच है लेकिन तुमने पूरे सागर को थोड़े ही पा लिया। तुम जितना पार करते जाओ, उतना ही सागर शेष है। फिर सागर तो शायद चुक भी जाए। कोई वैसा तैरता ही रहे, तैरता ही रहे, तो दूसरा किनारा आ भी जाएगा पर परमात्मा का कोई किनारा ही नहीं है। इसीलिए इसे असीम कहते हैं। सत्य असीम है, अनंत है, इसलिए सत्य की खोज का कोई अंत नहीं होता। अमेरिका का एक बहुत बड़ा मनीषी हुआ-जान डैबी। वह कहा करता था, जीवन रुचि का नाम है। जिस दिन वह गयी कि जीवन भी चला गया। सत्य की खोज में रुचि है। सत्य में उतना सवाल नहीं है, जितना खोज में है। मजा मंजिल का नहीं है, यात्रा का है। मजा मिलन का कम, इंतजारी का ज्यादा है। जान डैबी से उसकी नब्बेवीं वषर्गांठ पर बातचीत करते समय एक डाक्टर मित्र ने कहा, फिलासफी, दर्शन में रखा क्या है! डैबी ने शांतिपूर्वक कहा, दर्शन का लाभ है कि उसके अध्ययन के बाद पहाड़ों पर चढ़ाई संभव हो जाती है। डाक्टर ने कहा, मान लिया कि दर्शन का यही लाभ है कि पहाड़ों पर चढ़ाई संभव हो जाती है लेकिन एक पर चढ़ने के बाद दूसरा ऐसा ही पहाड़ दिखना आरंभ हो जाता है, जिस पर चढ़ना कठिन प्रतीत होता है। उसके पार होने पर तीसरा फिर चौथा। जब तक यह प्रम और चुनौती है, तब तक जीवन है।

भारत का रुख

सिद्धार्थ शंकर

अब जबकि रूस ने यूक्रेन पर हमले शुरू कर दिए हैं, भारत ने अपना निष्पक्ष रुख बरकरार रखा है। यूएन में फिर से भारत ने कहा है कि तनाव को तत्काल कम करने की जरूरत है। भारत के रुख की सराहना करते हुए रूसी राजनयिक ने कहा, भारत ने इस मुद्दे पर जो रुख अपनाया है, रूस इसका स्वागत करता है। भारत एक वैश्विक शक्ति की अपनी स्थिति के अनुसार काम कर रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच तनाव बढ़ता ही जा रहा है। रूस ने यूक्रेन पर हमला बोल दिया है। राजधानी कीव समेत लगभग सभी शहरों में बमबारी शुरू हो गई है। यूक्रेन के सैन्य ठिकानों को भी रूस निशाना बना रहा है। यूक्रेन ने भी रूस पर जवाबी कार्रवाई शुरू कर दी है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने यह भी साफ कर दिया है कि वह अब पीछे हटने वाले नहीं हैं। इस बीच, पूरी दुनिया की निगाहें नाटो और संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के कदम पर टिक गई हैं। हालांकि नेटो ने यह भी साफ कर दिया है कि वह फिलहाल सैन्य मदद नहीं करेगा। इसके बाद सभी के मन में यही सवाल है कि अब आगे क्या होगा? क्या ये तीसरे विश्व युद्ध की आहट है? अगर ऐसी स्थिति बनी की भारत को यूक्रेन और रूस में से किसी एक का चुनाव करना होगा तो किसका करेगा? पूरी दुनिया यूक्रेन सीमा पर हजारों रूसी सैनिकों के मूवमेंट पर नजरें गड़ाए हैं। रूस और यूक्रेन के बीच वॉर की आशंका मजबूत होती जा रही है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्वी यूक्रेन के डोनबास क्षेत्र में विद्रोहियों के कब्जे वाले शहरों डोनेट्स्क और लुहान्स्की को अलग देश की मान्यता देने के बाद सेना भेजने का आदेश कर दिया है। रूस के इस कदम को युद्ध की पहल माना जा रहा है। रूस-यूक्रेन तनाव का असर पूरी दुनिया पर दिख रहा है। एक-एक करके स्टॉक मार्केट्स क्रैश हो रहे हैं, कच्चे तेल की कीमतें बढ़ रही हैं, गैस के दाम भी बढ़ने की पूरी संभावना है। इन सबके बीच, अब तक भारत ने रूस के खिलाफ कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। उसने सभी पक्षों से संयम बरतने की अपील की है।

भारत के इस रुख के पीछे कई वजहें हैं और उनमें पाकिस्तान एक अहम फैक्टर है। रूस और यूक्रेन के बीच जारी तनाव में भारत के किसी का पक्ष न लेने की एक प्रमुख वजह हो सकता है- पाकिस्तान। दरअसल, यूक्रेन और पाकिस्तान के रक्षा संबंध बेहद मजबूत हैं। यूक्रेन ने ही पाकिस्तान को टी-80डी टैंक सप्लाई किए जिसके जवाब में भारत को रूस से टी-90 टैंक हासिल करने के लिए तेजी दिखानी पड़ी। 2020 में पाक के एयर-टू-एयर रीफ्यूलिंग एयरक्राफ्ट की रिपेयरिंग का ठेका भी यूक्रेन को मिला था। यूक्रेन में पिछले एक दशक से पाकिस्तान के राजदूत के रूप में सेना के किसी पूर्व अधिकारी को तैनात किया गया है। यह सब जाहिर करता है कि पाक और यूक्रेन की दोस्ती गहरी है। पाकिस्तान ने 2018 में रूस से 300 टी-90 टैंक खरीदने चाहे थे मगर उसने मना कर दिया था। उसके बाद 2019 में भारत ने इन टैंकों की खरीद को हरी झंडी दे दी। जब पाकिस्तान मॉस्को से हथियार नहीं खरीद पाया तो उसने यूक्रेन का रुख किया। 2014 के बाद से चीन और यूक्रेन के आर्थिक संबंध भी मजबूत हुए हैं, हालांकि राजनीतिक रूप से वह रूस के साथ खड़ा नजर आता है। भारत ने यूएन में सभी देशों के सुरक्षा हितों का संदर्भ देकर एक तरह से नाटो को लेकर रूस की सुरक्षा गारंटियों की मांग को रजामंदी दे दी है। भारत को डिफेंस हार्डवेयर सप्लाई करने में रूस की अहम जगह है। नई दिल्ली कोई ऐसा कदम नहीं उठाना चाहती जिससे मॉस्को और बीजिंग एक-दूसरे के और करीब आएं। यूएन की बैठक में भारत ने यूक्रेन पर बातचीत के जरिए तनाव कम करने पर जोर दिया। भारत के स्थायी प्रतिनिधि टीएस तिरुमूर्ति ने कहा, %हम सैन्य तनाव का जोखिम नहीं उठा सकते। यूक्रेन की सीमा पर हो रही गतिविधियों पर भारत नजर बनाए हुए है। सभी पक्षों को संयम बरतना चाहिए। यूक्रेन के लोगों की सुरक्षा की चिंता करनी चाहिए।' तिरुमूर्ति ने कहा कि रूसी संघ के साथ यूक्रेन की सीमा पर बढ़ता तनाव गहरी चिंता का विषय है। इन घटनाक्रमों में क्षेत्र की शांति और सुरक्षा खंडित होगी।

अक्षरा नई यात्रा पर ...

सूडोकु नवताल- 5995

★★★★★ कठिनतम

				1			6	
					5			
2		3	9			8		
6							5	
			8		3			
	1							4
		7			1	3		9
			2					
	5			6				

Jagrutidaur.com, Bangalore

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -5994 का हल

7	6	8	2	1	9	3	4	5
2	1	5	6	3	4	8	7	9
3	4	9	5	7	8	6	1	2
5	7	4	8	6	1	9	2	3
9	2	1	3	4	5	7	8	6
8	3	6	7	9	2	1	5	4
1	5	3	4	8	5	2	9	7
4	9	7	1	2	3	5	6	8
6	8	2	9	5	7	4	3	1

श्री मनोज श्रीवास्तव

किसी विशुद्ध साहित्यिक पत्रिका में लेख पढ़कर किसी अपरिचित पाठक का स्वस्फूर्त फोन आवे तो निष्कर्ष निकलता है कि प्रकाशित शब्द पाठक के मन पर छबि अंकित कर रहे हैं , पत्रिका सांगोपांग पढ़ी जा रही है . वरना विशुद्ध साहित्य की कतिपय कथित गरिष्ठ पत्रिकायें वरिष्ठ साहित्यकारों के पास भी लिफाफे से बाहर निकलने को ही तरसती रह जाती हैं . राष्ट्रभाषा प्रचार समिति की मुख पत्रिका ÷अक्षरा÷ विगत 40 वर्षो से अनवरत छप रही है , खरीद कर पढ़ी जा रही है , इसमें प्रकाशित होना रचनाकार को आंतरिक प्रसन्नता देता है , अर्थात अक्षरा विशिष्ट है . नये आकार , नये गेटअप , कलेवर के नये स्वरूप में सेवानिवृत वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी श्री मनोज श्रीवास्तव के संपादन में नई टीम के साथ अक्षरा अंक 203 , ÷सरस्वती विमर्श पर केंद्रित अंक ÷ 200 पृष्ठो की विशद सामग्री निश्चित ही स्थाई संदर्भ हेतु संग्रहणीय है . वर्तमान परिदृश्य में साहित्य समाज को चिंतन , विचार और दिशा तो देता है किन्तु उससे सीधा आर्थिक लाभ नगण्य ही होता है . सामाजिक गरिमा व सम्मान के लिये ही रचनाकार यह सारस्वत अनुष्ठान करते समझ आते हैं .

इस अंक को पढ़कर एक बुजुर्ग पाठक का फोन मेरे पास आाया वे मेरे व्यंग्य लेख ÷ सरस्वती वंदना से आभार तक ÷ की प्रशंसा कर रहे थे , मैं फुरसत में था तथा पत्रिका पढ़ ही रहा था सो मैंने उनसे पत्रिका के बाकी लेखों के विषय में भी बातें कीं , और मुझे लगा कि अक्षरा की इस नई यात्रा की चर्चा पाठको के बीच की जानी चाहिये जिससे अक्षरा और भी व्यापक हो .

हाल ही हमने समाचार देखा कि दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग में बहने वाली ब्रिंगी नदी की जलधारा अचानक रुक गई है, इसका पानी 'पाताल' में समा रहा है , इसका कारण नदी का स्रोत समाप्त होना नहीं, बल्कि एक गहरा गड्ढा (सिंकहोल) बनना है जिसमें सारा पानी समाता जा रहा है . आगे की नदी का करीब 20 किमी लंबा हिस्सा सूखने से बड़ी संख्या में ट्राउट मछलियां भी मर गई हैं. अनेक नदियां उनके बेसिन में जंगलो की कटाई के चलते सूख रही हैं , जैसे जालौन से निकली नून नदी विलुप्त होती जा रही है. जालौन के 89 किलोमीटर के दायरे में फैली इस नदी से करीब 30 गांवों की फसलें सिंचित होती थीं. लेकिन, बुंदेलखंड में पड़ रहे सूखे के कारण ये नदी विलुप्त होती जा रही है .

अनेक नदियां व उनके जीव जंतु रेत के अंधाधुंध दोहन से मृतप्राय हो रही हैं जैसे गाडरवाड़ा की शक्कर नदी सूख रही है . प्रातः स्मरणिय श्लोक ÷गंगे यमुने चैव गोदावरी सरस्वती ÷ में तो सरस्वती बांची जाती है पर पवित्र नदी सरस्वती विलुप्त हो चुकी है . अक्षरा का यह विशेषांक सारस्वत साहित्य मंथन के साथ ही लुप्त होती नदियों की ओर भी पर्यावरणविदों का ध्यान आकर्षित करे ऐसी कामना है .

अंक के आरंभिक पन्ने पर अगली पीढ़ी को अपने सम्मुख ऊपर की सीढ़ी पर चढ़ाने का सुख ÷अपनी बात÷ में संपादन दायित्व से मुक्त होते कैलाश चंद्र पंत जी ने अभिव्यक्त किया है . नये विद्वान संपादक मनोज श्रीवास्तव जी के संपादकीय का शब्द शब्द , विभिन्न व्यापक संदर्भ , सरस्वती को लेकर उनका गहन चिंतन व संदर्भ विमर्श के श्रोत हैं . श्री रमेश दवे के आलेख सरस्वती मात्र शब्द नहीं दर्शन है , में वे लिखते हें कि ÷ भारतीय ज्ञान परंपरा का जीवंत होना , शक्तिमय होना ही सरस्वती होना है . पत्रिका में माँ सरस्वती के दुर्लभ चित्र यत्र तत्र संदर्भानुकूल प्रकाशित किये गये हैं . अंक का सुंदर आवरण चित्र क्षमा उर्मिला जी ने बनाया गया है .

श्री विनय कुमार , प्रेमशंकर शुक्ल , आभा बोधिसत्व , सुधीर सक्सेना , स्वदेश भटनागर , अभिषेक सिंह ,बृजकुमार पटेल , राजकुमार कुम्भज , मुरलीधर चांदवाला , व देवेंद्र दीपक की चयनित प्रकाशित कविताओ में से स्वदेश भटनागर जी की पंक्तियां उधृत करता हूं

हिंसा पर हिंसा
जमती जा रही है
आसमान भी तिरछा हो गया
तुम्हें मालूम होगा न माँ

मौन भी अब हिंसा की जद में आ गया सुबह रक्त भरे पन्ने से शुरू होने लगी हैमनुष्य भी संवेदन शील नही रहा ÷ सोनल मानसिंह का लेख सरस्वती , कुसुमलता केडिया का लेख सरस्वती के मुहाने पर दम तोड़ता आर्य आक्रमण सिद्धांत ,सरस्वती भारतीय सारस्वत साधना का जीवंत प्रतीक द्वारा राधावल्लभ त्रिपाठी , अरुण उपाध्याय का आलेख सरस्वती वाक् तरंगें और एक नदी , रंगों और रेखाओं में सरस्वती आलेख नर्मदा प्रसाद उपाध्याय , राजा भोज के सरस्वती कंठाभरण।

झूठी प्रशंसा की चाह

जीवन परिवर्तनों की लड़ी है। कई अलग-अलग व्यवहार के लोगों से संपर्क होता है। कुछ समय पहले एक ऐसी महिला से मुलाक़ात हुई जो व्यवहारिकता की मूरत थी, जिसका नाम सुजाता था। सुजाता के अनुसार उसका व्यवहार उत्कृष्ट कोटि का था। सभी से बहुत मीठा-मीठा बोलना, झूठी तारीफ, सामने वाले की हाँ में हाँ मिलाना और ऐसा व्यवहार सिद्ध करना जिसमें आपको एहसास हो की वह तो आपकी सबसे बड़ी शुभचिंतक है। जब सुजाता से अत्यधिक मेल-मिलाप हुआ तब ज्ञात हुआ की यह व्यवहार केवल एक परिवार तक ही सीमित था। दूसरे ही समय पिछले परिवार की कमियाँ इस परिवार में उजागर होने लगती थी और नया परिवार भी खुलकर रसास्वादन करता था। पर शायद इस बात का अंदाजा नहीं था की जिसके साथ मिलकर रसास्वादन हो रहा है वह अगले परिवार में जाकर आपकी बुराई को परोसेगा।

इन सभी क्रियाकलापों में सुजाता की अपनी पारिवारिक जिम्मेदारियाँ और बच्चों की देखरेख नगण्य हो चुकी थी। यदि आप अचानक से सुजाता से किसी अन्य महिला का जिक्र करेंगे की क्या आप उनसे बातचीत करते है तब आपको तपाक से उत्तर मिलेगा की उनसे तो आए दिन फोन पर बात होती रहती है। सुजाता से वार्तालाप की एक महत्वपूर्ण विशेषता थी की सामने वाले के जीवन में क्या हलचल हो रही है इसकी पूरी जानकारी आपको प्राप्त हो जाएगी। सुजाता की सामने खूब प्रशंसा होती थी और तारीफ़ों के पुल बाँधें जाते थे की बड़ी व्यवहारिक महिला है। पर असल जिंदगी में सुजाता अच्छी और ज्ञानपरक जानकारी बटोरने के बजाए इधर-उधर की बातों पर ही केन्द्रित रहती थी। घंटों-घंटो अपने बच्चों को अकेले ही बाहर घूमने देना, यह भी ध्यान नहीं देना की बच्चे बाहर क्या कर रहे है। कई बार बच्चे सार्वजनिक संपत्ति को तोड़ने-फोड़ने का कार्य भी करते थे। कई लोग सुजाता के सामने उन्हें नटखट की संज्ञा देकर पीठ पीछे बच्चों की खिल्ली भी उड़ाया करते थे। क्या सच में सब कुछ अनदेखा करके झूठी प्रशंसा की चाह करना उचित है। इस लघु कथा से यह शिक्षा मिलती है की पूर्ण व्यवहारिक होना उचित है पर व्यवहार निभाकर लोगों की कमियों और अतिरिक्त मूल्यांकन का प्रचार-प्रसार उचित नहीं है। सभी के लिए जरूरत से ज्यादा अच्छे साबित होने का मतलब है झूठे दिखावे को प्रत्यक्ष करना। सत्य है की व्यवहारिक जरूर बनें पर दूसरे के जीवन के मूल्यांकन के लिए नहीं बल्कि उनके दुःखों को आत्मसात करने के लिए और सहयोग प्रदान करने के लिए। लोगों के कमेंट तो दूसरे व्यक्ति से मिलते ही बदल जाते है।

निगम में रिश्वत लेने वाले बाबू को 5 वर्ष का कारावास व अर्थदण्ड

विशेष न्यायाधीश रामजी गुप्ता ने सुनाया फैसला

मुरैना। विशेष न्यायाधीश रामजी गुप्ता मुरैना ने मुरैना नगर पालिका के बाबू को भवन निर्माण की अनुमति देने के संबंध में 7 हजार रूपए रिश्वत लेने के मामले में 5 वर्ष की जेल व 40 हजार जुर्माने की सजा सुनाई। बाबू को न्यायालय से सीधा जेल भेज दिया गया। लोकायुक्त अभियोजन अधिकारी निर्मल अग्रवाल ने बताया कि आज से लगभग 8 साल पहले नगर पालिका मुरैना के बाबू शिवचरण डंडोतिया ने फरियादी से उसकी पत्नी व बहन के नाम प्लॉट पर भवन निर्माण अनुमति के लिए 7 हजार रिश्वत की मांग की थी और रिश्वत राशि मिलने पर ही अनुमति दिए जाने की बात की थी। फरियादी ने बताया कि वह बाबू को रिश्वत नहीं देना चाहता था और रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। उसने लोकायुक्त पुलिस को शिकायत की और पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई करते हुए बाबू को फरियादी से रिश्वत लेते हुए नगर पालिका कार्यालय की भवन निर्माण शाखा के कक्ष में रंगे हाथों पकड़ा था और रिश्वत की राशि भी जप्त की थी। फरियादी व बाबू के मध्य हुई रिश्वत वार्ता की रिकॉर्डिंग भी न्यायालय में प्रस्तुत की गई थी। लोकायुक्त ने विवेचना कर परिवाद पत्र मुरैना की विशेष न्यायालय में पेश किया था। शासन की ओर से लोकायुक्त अभियोजन अधिकारी निर्मल अग्रवाल ने बताया कि भ्रष्टाचार के बढ़ते मामलों को देखते हुए विशेष न्यायालय ने बाबू शिवचरण डंडोतिया को 5 वर्ष की सजा व 40 हजार रुपए जुर्माने की सजा सुनाई एवं आरोपी को न्यायालय से सीधा जेल भेज दिया।

निगमायुक्त शहर वासियों को दे रहे स्वच्छता की समझाईश

मुरैना। शहर की साफ सफाई स्वच्छता को दुरुस्त करने के लिए नगर निगम आयुक्त संजीव जैन प्रातः 6 बजे से ही निगम के स्वास्थ्य अमले के साथ शहर के वार्ड में सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने के लिए सतत मॉनिटरिंग कर रहे हैं, साथ ही साथ शहर के आम जनों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने हेतु समझाईश भी दे रहे है। शनिवार को नगर निगम आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 24, 25, 26 का भ्रमण किया, वहां की सफाई व्यवस्था देखी। वार्ड क्रमांक 26 की वार्ड भ्रमण के दौरान सफाई व्यवस्था निगमायुक्त को दुरुस्त मिली। उन्होंने मौके पर ही सफाई संरक्षक भोलू वाल्मीक का पुष्पमाला से स्वागत किया और उनके द्वारा की जा रही सफाई की सराहना की। निगमायुक्त ने जानकारी देते हुए बताया कि जो सफाई रक्षक दरोगा सेनेटरी इंस्पेक्टर अपने वार्ड में अच्छा काम करेगा, उसे सम्मानित किया जाएगा और जिस वार्ड में गंदगी फैली हुई मिलती है, तो उस वार्ड के दरोगा सेनेटरी इंस्पेक्टर के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाने के लिए निगमायुक्त ने दल भी गठित किया है, जो सतत् शहर की सफाई व्यवस्था कि सतत मॉनिटरिंग कर रहा है, जिससे कि शहर साफ स्वच्छ एवं सुंदर दिखे व सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनी रहे।

यातायात बाधित कर रही रेत की ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस ने पकड़ी

मुरैना। बानमोर थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे नगर परिषद तिराहा के पास रेत के ट्रैक्टर-ट्रॉली की मंडी लगा कर आवागमन को अवरुद्ध कर रहे रेत कारोबारियों पर पुलिस ने शनिवार को कार्यवाही की तो उनमें भगदड़ मच गई और पुलिस ने एक ट्रैक्टर-ट्रॉली को पकड़कर चालक को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देश पर थाना प्रभारी बानमोर वीरेश सिंह कुशवाह ने नगर परिषद तिराहा पर आवागमन को अवरुद्ध कर रहे रेत के ट्रैक्टर-ट्रालियों पर कार्रवाई की तो पुलिस को देखकर वह भागने लगे। पुलिस द्वारा पीछा करने पर एक ट्रैक्टर-ट्रॉली पुलिस की पकड़ में आ गया और चालक को गिरफ्तार कर लिया गया। यह कार्रवाई पुलिस ने प्रातः 7 बजे की और आरोपी टिंकू गुर्जर को गिरफ्तार कर लिया एवं आगामी कार्रवाई के लिए माइनिंग विभाग के सुपुर्द कर दिया गया।

भागवत कथा में भगवान कृष्ण के जन्म पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

कैलारस। नगर में चल रही पांच दिन से श्रीमद् भागवत कथा मैं आज श्री कृष्ण का जन्म हुआ। कथाबाचक स्वामी जी के श्रीमुख से सुनाई जा रही कथा का रसपान करने के लिए श्रद्धालुओं की काफी भीड़ एकत्रित हो रही है। कथा के पांचवे दिन कैलारस नगर में सनाढ्य धर्मशाला के सामने भगवान श्री कृष्ण का का जन्म हुआ। जन्म के साथ ही कथा स्थल पर श्रद्धालु नन्द के आनंद भयो जय कन्हैया की धुन पर झूम उठे। कथा के भव्य आयोजन के परीक्षित मुरारीलाल डिगर्रा हैं व व्यवस्थापक के रूप में कल्ला मरैया, बंटू डिगर्रा, हैप्पी समाधिया, देव शुक्ला का वियोष सहयोग मिल रहा है।

शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना में वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत प्रोग्राम आयोजित

मुरैना। मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा द्वारा शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय मुरैना में गत दिवस वित्तीय साक्षरता अभियान के तहत प्रोग्राम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक विमल कुमार जैन, प्रबन्धक शुभम गुप्ता, जितेन्द्र राठौर, विवेक कोठारी, विद्यालय के प्राचार्य श्री गुर्जवार, शिक्षकगण श्री शांडिल्य, राकेश शर्मा, सहित अन्य शिक्षक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं। वित्तीय साक्षरता अभियान के इस प्रोग्राम में विवेक कोठारी ने बच्चों को वित्तीय साक्षरता के बारे में जानकारी प्रदान की। श्री कोठारी ने बताया कि अपनी बैंक डिटेल, ओटीपी, एटीएम पिन, आधार नंबर जैसी संवेदनशील जानकारी किसी के साथ सांझा न करें। उन्होंने बताया कि इस तरह की जानकारी न ही बैंक, अन्य कोई संस्था को फोन पर सांझा न करें। इस तरह से अपनी जानकारी सांझा करने से वित्तीय हानि हो सकती है। कार्यक्रम के अंत मे प्राचार्य एवं शिक्षकों ने भी अपने विचार प्रस्तुत किए।

निःशुल्क महिला टेलरिंग प्रशिक्षण सम्पन्न

मुरैना। सेन्ट ग्रामीण स्व-रोजगार प्रशिक्षण संस्थान द्वारा ग्रामीण क्षेत्र की गरीब बेरोजगार महिलाओं को 30 दिवसीय निःशुल्क महिला टेलरिंग का प्रशिक्षण संचालित किया गया था। प्रशिक्षण का समापन संस्था के निदेशक आरपी गर्ग ने शुक्रवार को किया। संस्था के निदेशक श्री गर्ग ने महिलाओं को प्रमाण पत्र वितरण किये। उन्होंने समस्त प्रशिक्षणार्थियों को बैंक से संबंधित बारीकियों की भी जानकारी दी। अपना स्वयं का व्यवसाय पूर्ण मेहनत, लगन एवं ईमानदारी से करने के लिये कहा गया। उन्होंने स्वयं का रोजगार स्थापित करने के लिये प्रेरित किया, जिससे महिलऐं प्रशिक्षण पश्चात स्वयं स्वावलम्बी होकर स्वरोजगार स्थापित कर आत्मनिर्भर हो सके। प्रशिक्षण में 45 महिलाओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया जो मुरैना जिले के विभिन्न ग्रामों से थीं। इस अवसर पर फैकल्टी रियाज खान, जे.एस. प्रजापति एवं श्रीमती पूजा शर्मा सहित प्रशिक्षण प्राप्त कर रहीं महिलयें मौजूद थीं।

अवैध कट्टा व कारतूस लेकर घूमने वाले आरोपी को 01 वर्ष सश्रम कारावास व अर्थदण्ड

मुरैना। अवैध कट्टा एवं कारतूस लेकर घूमने के मामले में न्यायालय श्रीमान न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, तहसील अंबाह जिला मुरैना के न्यायालय द्वारा आरोपी छोटे सिंह उर्फ शैतान सिंह पुत्र होतम सिंह तोमर उम्र- 35 वर्ष, निवासी प्रेमपुरा थाना पोरसा जिला मुरैना को आर्म्स एक्ट की धारा 25(1-बी)ए में दोषी पाते हुये 01 वर्ष के सश्रम कारावास व कुल 1,000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अभियोजन अधिकारी/सहायक मीडिया सेल प्रभारी श्रीमती रश्मि अग्रवाल ने बताया कि घटना इस प्रकार है कि थाना पोरसा के उप-निरीक्षक को गत 01 दिसम्बर 2013 को मुखबिर द्वारा सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति जोटई मोड पर कट्टा लिये अपराध करने के नीयत से घूम रहा है। उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना पोरसा के उप-निरीक्षक मय हमराह फोर्स के मुखबिर के बताये हुये स्थान पर पहुंचे तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे फोर्स की मदद से पकडा और तलाशी लेने पर उसकी कमर में बायीं तरफ एक 315 बोर का देशी हाथ का बना हुआ कट्टा व दो जिंदा राउण्ड के मिले। आरोपी से उसका नाम व पता पूछा तो उसने अपना नाम छोटे उर्फ शैतान सिंह निवासी प्रेमपुरा का होना बताया। कट्टा व राउण्ड रखने का वैध लायसेंस चाहा जो उसके द्वारा नहीं होना बताया। उक्त कट्टा व राउण्ड को विधिवत जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना पोरसा पर आरोपी के विरूद्ध अपराध पंजीबद्ध किया गया। संपूर्ण विवेचना उपरांत अभियोग पत्र माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। माननीय न्यायालय द्वारा अभियोजन के तर्कों से सहमत होकर आरोपी को दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी प्रवेश मिश्रा, सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी, तहसील अंबाह जिला मुरैना द्वारा की गई।



12 वर्ष बाद हत्या के मामले में 8 आरोपियों को आजीवन कारावास

मुरैना। वर्ष 2009 में नैनागढ़ रोड पर सूअरों की तलाश में गए बाल्मिक समाज के पारब्रह्म की उसके ही समाज के लोगों ने धारदार हथियार से हत्या कर दी और अन्य लोगों को घायल कर दिया, जिस पर सिटी कोतवाली में हत्या का प्रकरण दर्ज हुआ था। शनिवार को माननीय न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने मामले को सुनते हुए हत्या के आठ आरोपियों को आजीवन कारावास की सजा सुनाते हुए दो -दो हजार रुपए का अर्थदंड भी लगाया। सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा हत्या के प्रकार की विवेचना उपरांत अभियुक्तगण लाखन सिंह, बलराम, मुन्ना बाल्मिक, अशोक बाल्मिक, रामनाथ बाल्मिक, नीरज बाल्मिक, विनोद, प्रकाश बाल्मिक, राजू बाल्मिक के विरुद्ध न्यायालय में चालान प्रस्तुत किया, जिस पर माननीय न्यायालय चतुर्थ अपर सत्र न्यायाधीश ने शनिवार को अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य व बचाव पक्ष के साक्ष्य सुनने के उपरांत हत्या के प्रकरण में उक्त सभी 8 आरोपियों को दोषी माना और उन्हें आजीवन कारावास के साथ साथ 2-2 हजार के अर्थदंड से भी दंडित किया। उक्त प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी लोक अभियोजक महेंद्र कुमार अग्रवाल एवं अपर लोक अभियोजक श्रीमती ममता सिकरवार द्वारा की गई। उल्लेखनीय है कि 7 सितंबर 2009 को फरियादी शिवम बाल्मिक अपने पिता पारब्रह्म के साथ अपने सूअरों की देखरेख हैतू सब्जी मंडी में गए थे, तब मालूम पड़ा कि सब्जी मंडी से उनके सूअर गायब हैं। उनकी तलाश में शिवम वाल्मीकि व पारब्रह्म नैनागढ़ रोड की तरफ पहुंचे, जहां पर आरोपी लाखन सिंह, बलराम, मुन्ना, अशोक, रामनाथ, नीरज, विनोद, प्रकाश, राजू सहित 10-15 अन्य लोगों ने पारब्रह्म को घेर लिया। पारब्रह्म ने कहा कि हमारे सूअर कैसे आए तो इसी बात पर पुरानी रंजिश के चलते उक्त आरोपियों ने उसके सिर पर कुल्हाड़ी मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई और हत्या के बाद आरोपी फरार हो गए। बाद में पुलिस द्वारा उन्हें गिरफ्तार किया गया।

लॉयंस क्लब मुरैना सेन्ट्रल द्वारा नि:शुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित

मुरैना। लॉयंस क्लब मुरैना सेन्ट्रल रीजन डायमंड के द्वारा निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण यह कार्यक्रम लायंस क्लब इंटरनेशन इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233ई1 द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन गत 21 फरवरी से 26 फरवरी 2022 तक निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर जिला चिकित्सालय मुरैना की ओपीडी में किया जा रहा है। जिसमें सभी क्लबों की सहभागिता सुनिश्चित की गई है, इसी क्रम में 26 फरवरी शनिवार को लायंस क्लब मुरैना सेन्ट्रल एवं रीजन डायमंड के पदाधिकारियों द्वारा सहयोग प्रदान किया। लॉयन तेजेंद्र खेड़ा अध्यक्ष, प्रेरणा परमार सचिव, प्रदीप शर्मा कोषाध्यक्ष, मीना भदोरिया कोषाध्यक्ष, लॉयन राजेश बांदिल रीजन चेयरपर्सन, लॉयन जेपी शर्मा प्रांतपाल के कार्यपालक डायरेक्टर, लॉयन नवल किशोर गोयल, लॉयन अनिल मंगल, लॉयन संजीव बॉबी वर्मा, लॉयन गिर्राज अर्गल, रोटेरियन अध्यक्ष संजीव बांदिल व जिला चिकित्सालय की ओर से डॉ संध्या गोयल, डॉ लव सिंह तोमर, टेक्नीशियन राजेश शर्मा, मृदुल कुमार सोलंकी, संतोषी लाल शर्मा, रमेश चंद गर्ग का विशेष सहयोग रहा। इस शिविर में आंखों के ऑपरेशन रोटरी क्लब द्वारा तथा चश्मा की जांच और चश्मा का वितरण लायंस क्लब द्वारा और दवाइयों का निःशुल्क वितरण जिला चिकित्सालय द्वारा किया जा रहा है। इस पुनीत कार्य में सभी के द्वारा सहयोग प्रदान किया गया। क्लब अध्यक्ष तेजेन्द्र खेडा ने चश्मों का वितरण लायंस क्लब के द्वारा किया जायेगा। आज 220 मरीजों की जांच हुई, जिसमें 30 मरीजों को चश्मे के लिए एवं 25 मरीजों को आपरेशन के लिए डॉक्टरों के द्वारा परामर्श उपरांत चिन्हित किया गया।

जिले में शत-प्रतिशत प्लस पोलियो अभियान के तहत लक्ष्य को पूरा किया जाएगा: सीएमएचओ आर पी मिर्धा

जिले में 1374 बूथों पर पांच वर्ष तक की आयुवर्ग के साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को पिलाई जाएगी दो बूंद जिन्दगी की

पुष्पांजलि टुडे। पाली राजस्थान

पाली । पाली जिले में पल्स पोलियो अभियान में चिकित्सा विभाग ने सभी तैयारियां पूरी कर आज प्लस पोलियो महा अभियान । सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने बताया कि पाली जिले में 27 फरवरी 2022 रविवार से शुरू होने वाले राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम पल्स पोलियो अभियान में पॉच वर्ष तक की आयुवर्ग के साढ़े तीन लाख से अधिक बच्चों को पोलियो रोधी दवा पिलाई जाएगी। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए शनिवार को पाली शहर सहित जिलेभर में जन जागृति रैली निकाली गई। उन्होंने बताया कि इस अभियान के तहत 1374 बूथ बनाए गए है। प्रथम दिन अधिक से अधिक बच्चों को बूथों पर दवा पिलाई जाएगी। बूथ से वंचित रहे बच्चों को आगामी दिन यानि 28 फरवरी और एक मार्च को चिकित्सा कार्मिकों द्वारा घर-घर जाकर दवा पिलाई जाएगी। आरसीएचओ डॉ. उजमा जबीन ने बताया कि जिले में तीन दिन तक चलने वाले इस अभियान के तहत जिले से दस मॉनिटर नियुक्त किए गए है। तथा इस कार्यक्रम में जिले के 4900 कार्मिक सेवाएं देंगे। उन्होंने बताया कि इसके अलावा जिले के 37 अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों व ब्लॉकों में नोडल अधिकारी बनाया गया। उन्होंने बताया कि इस अभियान में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता एवं आशा सहयोगिनी भी पूर्ण सहयोग करेगी। साथ ही जनप्रतिनिधि भी इस कार्यक्रम में महत्ती भूमिका अदा करेंगे।

अभियान को लेकर 37 नोडल अधिकारी नियुक्त

पाली सीएमएचओ डॉ.आरपी मिर्धा ने

बताया कि राज्य सरकार के निर्देशानुसार राष्ट्रीय टीकाकरण दिवस 27 फरवरी, 2022 को सफल संचालन के लिए पाली शहर सहित जिले में 37 चिकित्सा अधिकारियों को उनके क्षेत्र का नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। उन्होंने बताया कि ये सभी नोडल अधिकारी अपने क्षेत्र के माईक्रोप्लान, गुणवत्ता पूर्ण ट्रैनिंग एवं सफल संचालन एवं क्रियान्वन के लिये पूर्ण रूप से जिम्मेदार होगें। उन्होंने बताया कि बताया कि पाली शहर के लिए बांगड़ अस्पताल के पीएमओ डॉ. मोहम्मद रफीक को, सोजत शहर के लिए पीएमओ डॉ.राजेश गुप्ता को नोडल अधिकारी बनाया गया है। इसी तरह बाली ब्लॉक के लिए बीसीएमओ डा.हितेन्द्र वागोरिया, सुमेरपुर ब्लॉक में बीसीएमओ डा.गोविन्दसिंह चूंडावत, रानी ब्लॉक में बीसीएमओ डॉ.भरत गोमतीवाल, देसूरी ब्लॉक के लिए बीसीएमओ डॉ.राजेश राठौड़, सोजत ब्लॉक के लिए डॉ.सोहनलाल, रायपुर ब्लॉक के लिए डॉ.सुरेश यादव, जैतारण ब्लॉक के लिए डॉ.पुष्पेन्द्रनाथ व्यास, रोहट ब्लॉक के लिए डॉ.तेजपाल चारण, पाली ब्लॉक के लिए डॉ.ओमप्रकाश चौधरी, खारची ब्लॉक के लिए बीसीएमओ डॉ.कुलदीपसिंह शेखावत को प्रभारी बनाया गया। इसी तरह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सुमेरपुर के लिए डॉ.एससी मीणा, सीएचसी तखतगढ़ में डॉ.विनोद कुमार, बाली सीएचसी में डॉ.सलमा कादरी, रानी सीएचसी में डॉ.एमएल मेहता, पीएचसी फालना में डॉ.संजय बेदी, सीएचसी सादड़ी में डॉ.राजेन्द्र पुनमिया, सीएचसी जैतारण में डॉ.देवेन्द्र सोलंकी, सीएचसी कोसेलाव में डॉ.अनुपम राजपुरोहित, सीएचसी बेड़ा में डॉ.राजेश बुरडक, सीएचसी नाडोल में डॉ.देवेन्द्रसिंह गुर्जर, सीएचसी रायपुर में डॉ.चंपालाल भाटी, सीएचसी कुशालपुरा में डॉ.संजू चौधरी, खारची सीएचसी में डॉ.विकास गहलोत, रोहट सीएचसी में डा.दिलीपसिंह राठौड़, निमाज सीएचसी में डॉ.प्रेमसिंह सांखला, सोजतरोड़ सीएचसी में डॉ.एनके विजयवर्गीय, बगड़ीनगर सीएचसी में डॉ.एसपी विश्नोई, सांडेराव सीएचसी में डॉ.मोहनलाल चौधरी, रास सीएचसी में डॉ. जितेन्द्रसिंह, देसूरी सीएचसी में डॉ.अरूण नेमा, मणिहारी सीएचसी में डॉ.मयंक शर्मा, सिरियारी सीएचसी में डॉ.पुष्पेन्द्रसिंह जैतावत, चंडावल नगर सीएचसी में डॉ.प्रकाश एम सीरवी, जोजावर सीएचसी में डॉ.कमल किशोर तथा घाणेराव सीएचसी में डॉ. गिरीश भारद्वाज को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

कलेक्टर ने किया आंगनबाडी केन्द्र का निरीक्षण

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । भिण्ड कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस ने उनके द्वारा गोद ली गई आंगनवाड़ी केन्द्र 36/1 चंबल कॉलोनी का निरीक्षण किया। उन्होंने आंगनवाड़ी केंद्र की व्यवस्थाओं जैसे साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, पोषण वाटिका अन्य व्यवस्थाओं की जानकारी लेने के साथ ही आंगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने आंगनबाड़ी में दर्ज बच्चों एवं धात्री महिलाओं की जानकारी प्राप्त की तथा समूहों द्वारा तैयार कर बच्चों को दिए जाने वाले नाश्ता एवं भोजन की गुणवत्ता का अवलोकन किया। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका से चर्चा कर बालक-बालिकाओं के विकास के लिए की जाने वाली रोचक गतिविधियों का भी अवलोकन किया, इस दौरान महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफ्फार, समाजसेवी सुनील दुबे, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता रेखा श्रीवास्तव, सहायिका राधा राजावत एवं अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर ने आकांक्षी विकास खण्ड योजना के संबंध में गोहद में ली बैठक

दैनिक पुष्पांजली टुडे

गोहद(भिण्ड)। कलेक्टर डॉ सतीश कुमार एस की अध्यक्षता में आकांक्षी विकास खण्ड योजना संबंधी समस्त विभागों की संयुक्त बैठक तहसील कार्यालय गोहद में आयोजित की गई।

केंद्रीय शासन की आकांक्षी विकास खण्ड योजना के तहत भिण्ड जिले का गोहद विकास खण्ड भी शामिल है, गोहद में योजना के तहत विभिन्न बिंदुओं और संकेतकों पर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। कलेक्टर ने गोहद तहसील अंतर्गत योजना संबंधी विभिन्न विभागीय गतिविधियों, कार्यों व विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में जानकारी लेकर समीक्षा की और संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश देते हुए विभागीय गतिविधियों की जानकारी सात दिवस में पूर्ण कर प्रपत्र में भरकर देने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत, कृषि, नगरीय निकाय आदि विभागों की समीक्षा कर संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए।इस दौरान एडीएम प्रवीण फुलपगारे, सीईओ जिला पंचायत जेके जैन, एसडीएम गोहद शुभम शर्मा, महिला एवं बाल विकास अधिकारी अब्दुल गफफार सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

किसान नेता दिनेश कुमार निरंजन के पुत्र निशांत निरंजन का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार

***टीकमगढ़ ~*-**बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष दिनेश कुमार निरंजन के पुत्र आनंद उर्फ निशांत निरंजन का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया, निशांत निरंजन के जन्मदिन पर सबसे पहले बच्चे के दादा कुंजीलाल निरंजन एवं दादी कमला देवी निरंजन ने केक काटकर तिलक लगाकर बधाई शुभकामनाएं दी, इसके बाद बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं किसानों ने तिलक लगाकर बधाई शुभकामनाएं दी एवं उसके उज्जवल भविष्य की कामना की वही किसान नेता दिनेश कुमार निरंजन ने कहा कि हम अपने इस पुत्र निशांत को देश की रक्षा के लिए भेजेंगे यह हमारा बेटा बॉर्डर पर देश की रक्षा के लिए समर्पित रहेगा, इस मौके पर मुख्य रूप से पहलाद करवरिया राष्ट्रीय अध्यक्ष, ज्योति शुक्ला राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चा, नीरज कुमार यादव युवा मोर्चा राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुरेश चंद्र पटेल राष्ट्रीय विशेष

सचिव, मनीष यादव राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी, एडवोकेट सत्येंद्र प्रकाश खरे राष्ट्रीय संगठन मंत्री, फिल्म अभिनेत्री शालिनी सिंह पटेल, कुमारी सपना राजा परमार राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा, बबलू मिश्रा, आदित्य मिश्रा, गौतम, राम लखन पटेल, अर्जुन सिंह पटेल, भरत पटेल, अभिलाषा पटेल, पूनम पटेल, अंजली पटेल, आदि मुख्य रूप से भारी संख्या में माताएं बहने एवं बुंदेलखंड किसान मजदूर संघ के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं किसान मौजूद रहे

स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जन जागरण अभियान ने पकड़ी गति, देश को स्वाभलम्बी बनाना लक्ष्य

महेंद्र शर्मा, रिपोर्टर ग्वालियर संभाग, पुष्पांजली टुडे

ग्वालियर। स्वदेशी वस्तुओं के प्रति जन जागरण अभियान के तहत मेडिकल के स्टूडेंट एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारियों के माध्यम से स्वदेशी वस्तुओं को जन जागरण अभियान चलाया गया

इसमें सभी ने संकल्प लिया की हम अपने दैनिक जीवन में स्वदेशी वस्तुओं का अधिक से अधिक उपयोग करेंगे तथा विदेशी वस्तुओं का बहिष्कार करेंगे एवं श्री देवेश जी थापक स्वदेशी जागरण मंच प्रचार प्रमुख महानगर ग्वालियर ने बताया के हम अपने जीवन में जितना स्वदेशी वस्तुओं का इस्तेमाल करेंगे तो देश आत्मनिर्भर बनेगा और कई छोटे छोटे व्यवसायियों को रोजगार प्राप्त होगा तथा देश स्वावलंबी भी बनेगा। इस अभियान को लेकर हमें हर घर में जाना है। स्वदेशी अभियान ही देश को आर्थिक रूप से मजबूत बना सकता है। स्वदेशी जागरण अभियान में मेडिकल छात्र प्रमुख डॉक्टरश्री शिवम पचौरी जी एवं स्वदेशी जागरण मंच के पदाधिकारी श्री देवेश जी थापक विष्णु जी शर्मा भूपेंद्र जी विक्रांत जी रविकांत जी रूद्र शर्मा जी आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

यूक्रेन में फंसे भारत वासियों को वापस लाने के लिए सरकार से लगाई गुहार

दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार

टीकमगढ़। यूक्रेन में फंसी मानसी विश्वकर्मा के पिता कैलाश टीकमगढ़ सिटी कोतवाली में पदस्थ है । उन्होंने अब तक कई आरोपियों को शिकंजे में लिया है , लेकिन अब अपनी बेटी को यूक्रेन से वापस भारत लाने में लाचार नजर आ रहे हैं । आज जब उन्होंने वीडियो कॉल पर बेटी से बात की तो मानसी ने यूक्रेन की भयावह स्थिति के बारे में बताया । एमबीबीएस की पढ़ाई करने यूक्रेन गई टीकमगढ़ की तीन बेटियां युद्ध के हालात में फसकर रह गई हैं । इनमें से एक छात्रा विधि जैन आज सुबह ही सकुशल यूक्रेन से निकलकर दिल्ली पहुंच गई है , जबकि दो छात्राओं के माता - पिता को उनके



लौटने का इंतजार है । छात्रों के माता पिता लगातार वीडियो कॉल के जरिए उनसे संपर्क बनाए हुए हैं । छात्रा मानसी ने कल रात अपने पिता को बताया कि वह यूक्रेन के खार्खेव मेट्रो रेलवे स्टेशन पर छिपी है। कोतवाली में पदस्थ कैलाश विश्वकर्मा की बेटी मानसी विश्वकर्मा साल 2019 में एमबीबीएस की पढ़ाई करने यूक्रेन गई थी । मानसी यूक्रेन की खार्खेव यूनिवर्सिटी में थर्ड ईयर की छात्रा है । अभी 2 माह पहले ही वह टीकमगढ़ से पढ़ाई के लिए यूक्रेन रवाना हुई थी । इसी तरह डॉक्टर मांडवी साहू की भतीजी दिव्यांशा साहू भी यूक्रेन में फसकर रह गई है । दिव्यांशा के माता - पिता नहीं हैं इसलिए डॉक्टर मांडवी साहू ही उसकी पढ़ाई लिखाई और देखरेख का पूरा जिम्मा उठा रही हैं । अब दिव्यांशा के यूक्रेन में फंस जाने से उनकी बुआ मांडवी साहू का बुरा हाल है । वे लगातार दिव्यांशा और अधिकारियों से संपर्क बनाए हुए हैं।

टीकमगढ़ के व्यापारी संतोष जैन की बेटी विधि जैन

साल 2018 में एमबीबीएस की पढ़ाई करने यूक्रेन गई थी । इस साल जनवरी माह में वह टीकमगढ़ आई थी और फरवरी में वापस यूक्रेन लौट गई थी । पिता संतोष जैन ने बताया कि करीब 15 दिन पहले जैसे ही यूक्रेन में हालात खराब हुए तो बेटी ने 14 फरवरी को वापसी का रिजर्वेशन करा लिया था । 23 फरवरी को अंतिम फ्लाइट से वह भारत लौटी थी।आज सुबह ही वह दिल्ली पहुंची है।

15 लाख के लिए पत्नी ने बेटे के साथ मिलकर पति को मार डाला; पुलिस के सामने बनाई झूठी कहानी

दैनिक पुष्पांजलि टुडे जिला ब्यूरो चीफ टीकमगढ़ अजय खंगार

टीकमगढ़ । मध्य प्रदेश के टीकमगढ़ में शराब, शक और पैसे ने रिश्तों का ही कत्ल कर लिया। पत्नी ने अपने बेटे के साथ मिलकर पति को सोते समय गेती और डंडे से पीट-पीटकर मार डाला। उसे शक था कि पति के किसी और महिला से संबंध हैं। जमीन बेचने से मिला पैसा वह उसे दे देगा।

पलेरा नगर के वार्ड क्रमांक 13 में रामकिशन सेन की गुरुवार रात करीब 2 से 3 बजे हत्या हो गई थी। उसकी पत्नी प्रभादेवी और बेटे नीरज सेन ने पुलिस को बताया था कि अनजान लोगों ने रामकिशन की हत्या कर दी। पुलिस ने जांच में पाया कि दरवाजा अंदर से बंद था। ऐसे में किसी बाहरी व्यक्ति का हाथ होने का सवाल ही नहीं उठता? सख्ती से पूछताछ करने पर प्रभादेवी और नीरज टूट गए और उन्होंने वारदात कबूल कर ली। प्रभादेवी को शक था कि रामकिशन का किसी बाहरी महिला से चक्कर है। वह खूब शराब पीता था और घर में भी विवाद करता था। पिछले दिनों उसने 15 लाख रुपये में अपनी जमीन बेची थी। प्रभादेवी को लग रहा था कि यह पैसा वह उसी औरत को दे देगा। इसी शंका के चलते प्रभादेवी और नीरज ने योजना बनाकर

रामकिशन की रात के समय डंडे और गेती से हत्या कर दी। पलेरा थाना प्रभारी मुकेश शाक्य ने 24 घंटे से कम समय में हत्या के इस मामले में खुलासा कर दिया।

शाला के समग्र विकास में पालकों की महती भूमिका... नीलेश शर्मा

केशब पंडित जी अम्बाह...??

अम्बाह... आज शा.मा.वि.मलबसई में शाला प्रबंधन समिति के उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया इस अवसर पर प्रशिक्षक नीलेश शर्मा ने समिति के सदस्यों और ग्रामीण जनों को शाला के प्रति उनके अधिकारों और कर्तव्यों की जानकारी प्रधान करी स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा आज मध्यप्रदेश की समस्त माध्यमिक शालाओं की शाला प्रबंधन समिति का शपथग्रहण और उन्मुखीकरण किया गया उसी क्रम में विकास खण्ड अम्बाह के बी.आर.सी.सी.महोदय श्री बिंदुसार सिंह तोमर के मार्गदर्शन में शा.मा.वि.मलबसई में प्रशिक्षक नीलेश शर्मा के द्वारा समिति के सदस्यों और ग्रामीणों से आग्रह किया की वे अपने ग्राम में 6 से 14 आयू समूह के समस्त बच्चों की उपस्थिति लगातार सुनिश्चित करने में अपना योगदान प्रदान करें शाला को आकर्षक और साफ स्वच्छ बनाने में अपना योगदान करे और प्रबंधन समिति के अध्यक्ष और सदस्यों को समझाया की आपके कार्यकाल का समम सबसे अच्छा और यादगार समय बन सके उक्त कार्यक्रम में श्री लाल ,भूपेंद्र ,धर्मपाल ,नीलेश शर्मा ,रामू गुर्जर ,मंजू सिंह ,मुनेश और ग्रामीणों का महत्वपूर्ण योगदान रहा कार्यक्रम के समापन पर आभार प्रदर्शन संस्था प्रधान और प्रशिक्षक नीलेश शर्मा द्वारा किया गया

टोड़ा करेरा में शतचंडी महायज्ञ 27 से

करेरा। तहसील अंतर्गत ग्राम टोडा करेरा में हाईवे स्थित श्री सिद्ध पीठ आश्रम काली माता मंदिर पर पुनः श्री शतचंडी महायज्ञ एवं श्री राम कथा एवं सिद्ध बाबा महाराज की मूर्ति स्थापना एवं रामलीला प्रदर्शन का कार्यक्रम दिनांक 27 फरवरी 2022 से 7 मार्च 2022 तक होगा जिस का भव्य शुभारंभ कल भव्य कलश यात्रा के साथ होगा। आयोजक मंडल ने बताया की कार्यक्रम में संगीतमय श्रीराम कथा कु. सोमवती किशोरी जी रामायणी के मुखारविंद से आगामी 9 दिन तक दोपहर 12-00 से 5-00 तक संपन्न होगी। रात्रि 8-00 से श्री बजरंग आदर्श रामलीला मंडल ओरछा धाम द्वारा रामलीला का मंचन होगा। श्री शतचंडी महायज्ञ आचार्य पंडित श्री जगदीश प्रसाद शास्त्री जी के दिशा निर्देश में संपन्न होगा। इस आयोजन में मंदिर के महंत ब्रह्मलीन संत श्री अनंत राम दास जी महाराज सिद्ध बाबा की मूर्ति का अनावरण भी किया जावेगा। यज्ञ के प्रधान यजमान श्रीमती अंजना कृपाराम यादव है। एवं यह आयोजन क्षेत्रवासियों के सहयोग से किया जा रहा है। कार्यक्रम में श्री राम कथा का लाइव प्रसारण क्षेत्र के लोकप्रिय न्यूज़ चैनल जन पर न्यूज़ पर प्रसारित किया जाएगा।आयोजकों ने कलश यात्रा में अधिक से अधिक श्रद्धालु महानुभावों के सम्मिलित होने की अपील की है।

10 करोड़ की लागत से बनेगा आलू एग्रो पार्क

इंदौर। केंद्र सरकार के रूरबन मिशन के तहत इंदौर जिले के सिमरोल क्षेत्र में आलू पर आधारित एग्रो पार्क विकसित किया जाएगा। इसकी लागत लगभग 10 करोड़ रुपये होगी। एग्रो पार्क में कोल्ड स्टोरेज,

वेयर हाउस और आलू की चिप्स बनाने की प्रोसेसिंग इकाई स्थापित की जाएगी। किसानों का समूह या सहकारी समिति बनाकर यह काम किया जा सकता है। इसमें सिमरोल, शिवनगर, मेमदी, दतोदा और घोसीखेड़ा ग्राम पंचायतों के आलू उत्पादक किसानों को जोड़ा जाएगा। अब जिला प्रशासन और जिला पंचायत मिलकर इस एग्रो पार्क की रूपरेखा तैयार करेंगे। दरअसल, रूरबन मिशन के तहत यह योजना एक साल पहले बनाई गई थी, लेकिन अब तक इसमें कोई काम नहीं हो सका है। आलू के एग्रो पार्क की संभावनाएं तलाशने के लिए जिला पंचायत, उद्यानिकी और ग्रामीण यांत्रिकी सेवा के अधिकारी शुक्रवार को एक साथ सिमरोल पहुंचे। उन्होंने पांचों ग्राम पंचायतों के सरंपचों और सचिवों को बुलाकर बैठक की। अधिकारियों ने बताया कि आलू आधारित एग्रो पार्क बनने से यहां किसानों के आलू की ग्रेडिंग हो सकेगी।

यूक्रेन में फंसे सभी भारतीयों को सरकार सकुशल घर लेकर आएगी: डॉक्टर के पी यादव

अनिल कुशवाह ब्युरो
पुष्पांजलि टुडे

शिवपुरी-शिवपुरी व अशोकनगर के यूक्रेन में निवासरत छात्रों व उनके परिवारों से सांसद ने की बातचीत गौरतलब है कि यूक्रेन-रूस के बाद से यूक्रेन में अफरा-तफरी का माहौल है. इसी बीच यूक्रेन में निवासरत भारतीयों को वापस लाने के लिए भारत सरकार ने अपने तैयारी प्रारंभ कर दी है. भारतीय विमान रोमानिया पहुंच गया है व 2 विमान भारतीयों को लेकर भारत आएंगे.दोपहर 2-00 बजे पहली फ्लाइट दिल्ली पहुंचेगी. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन में निवासरत सभी भारतीयों व उनके परिजनों को विश्वास दिलाया है कि सभी की सकुशल घर वापसी होगी. शिवपुरी निवासी बीएस मौर्य(जेलर-श्योपुर)के पुत्र हिमांशु मौर्य एवं अशोक नगर निवासी शासकीय शिक्षक अनिल खंतवाल की पुत्री ऋषिका खंतवाल यूक्रेन में रहकर मेडिकल की शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं. यूक्रेन रूस के विवाद के चलते उक्त दोनों परिवारों के परिजन अपने



पुत्र-पुत्रियों की वापसी को लेकर आशंकित थे. क्षेत्रीय सांसद डॉक्टर के पी यादव ने दोनों परिवार से बात करके उनका हालचाल जाना सांसद ने बताया कि उनकी विदेश मंत्रालय में बात हो गई है दोनों क्षेत्रीय नागरिकों को शीघ्र सकुशल घर वापस लाया जाएगा तथा साथ ही गुना जिले की आरोन एवं राघोगढ़ के छात्रों सहित लगभग 1000 भारतीय छात्रों की सकुशल वापसी के लिए सांसद डॉक्टर के पी यादव ने विदेश मंत्री एस सुब्रमण्यम एवं केंद्रीय राज्य मंत्री सुश्री मीनाक्षी लेखी से फोन पर चर्चा व पत्र लिखकर सकुशल वापसी का अनुरोध किया

नेशनल लोक अदालत का आयोजन 12मार्च 2022 हेतु बैठक

दैनिक पुष्पांजली टुडे बृजपाल सिंह गुर्जर

मेहगांव मेहगांव राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं माननीय श्री अक्षय कुमार द्विवेदी प्रधान जिला न्यायाधीश/ अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय भिंड के मार्गदर्शन में श्री अशोक गुप्ता जिला न्यायाधीश अध्यक्ष तहसील विधिक सेवा समिति मेहगांव एवम श्री सुनील दंडोतिया जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज दिनांक 26-02-2022 को न्यायिक तहसील मेहगांव में 12 मार्च 2022 नेशनल लोक अदालत को सफल बनाएं जाने हेतु बैठक का आयोजन किया गया उक्त बैठक में अधिक से अधिक राजीनामा योग्य प्रकरण का निराकरण किया जाए इस हेतु सुझाव दिए । उक्त बैठक में श्री राकेश कुशवाह जे एम एफ सी मेहगांव श्री मुकेश कोरी जे एम एफ सी मेहगांव सुश्री कल्पना कोतवाल एवम सुश्री दीक्षा अग्रवाल जेएमएफसी मेहगांव उपस्थित रही। उक्त बैठक के साथ ही नगरपालिका मेहगांव एवम गोरमी की प्रिलिटिगेशन मीटिंग का आयोजन किया गया उक्त बैठक में जलकर एवम संपत्ति कर से संबंधित छूट के बारे में आम जन को लाभ दिलाए जाने हेतु प्रचार प्रसार किए जाने को भी कहा।

राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग ने कलेक्टर को पत्र भेजकर सफाई कर्मचारीयों की समस्यायों के निराकरण करने के निर्देश दिए

दैनिक पुष्पांजली टुडे

भिण्ड । राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने भिंड जिले के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारीयों का शोषण रोकने एवं समस्यायों के निराकरण के लिए राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के सदस्या केन्द्रीय राज्यमंत्री अंजना पवार को दिए ज्ञापन पर कार्रवाई करते हुए आयोग की सदस्या ने कलेक्टर सतीश कुमार एस को पत्र भेजकर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। विगत दिनों राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी



मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट गुडडू संजय वाल्मीकि ने दिल्ली में राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार की सदस्या को ज्ञापन सौंपा था । ज्ञापन के माध्यम से एडवोकेट वाल्मीकि ने बताया था कि भिंड जिले के नगरीय निकायों में सफाई कर्मचारीयों का शोषण किया जा रहा है नगरपालिका परिषद गोहद में 1 अगस्त 2021 को 46 सफाई कर्मचारीयों को बिना किसी कारण के कार्य से हटा दिया था जिससे सफाई कर्मचारीयों की आर्थिक स्थिति खराब हो गई है इस सम्बन्ध नगरपालिका प्रशासन एवं जिला प्रशासन को अवगत कराया है लेकिन सफाई कर्मचारीयों को कार्य पर रखने के लिए कोई कार्रवाई नहीं की गई साथ ही जिले की आलमपुर दवोह अकोड़ा मेहगांव आदि नगर परिषदों में सफाई कर्मचारीयों के राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत खाते नहीं खोले गए हैं जिससे सफाई कर्मचारी राष्ट्रीय पेंशन योजना के तहत मिलने वाले लाभ से वंचित हैं तथा अस्थाई सफाई कर्मचारीयों को विनियमितिकरण एवं आवास योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है जिससे सफाई कर्मचारीयों का भविष्य अंधकार की ओर है। राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि हमें आशा है कि भिंड कलेक्टर द्वारा राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग भारत सरकार के पत्र पर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

महिला मोर्चा की कार्यकारणी गठित,बेबी राजा परमार ज़िगदहा को मिली देवेंद्र नगर मंडल की ज़िम्मेदारी

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती शशि परमार ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णु दत्त शर्मा के निर्देशानुसार भाजपा महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया ,मध्य प्रदेश शासन के कैबिनेट मंत्री

बृजेंद्र प्रताप सिंह और जिला अध्यक्ष राम बिहारी चौरसिया की अनुशंसा पर भाजपा महिला मोर्चा की जिला एवं मंडल कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है इस कार्यकारिणी में पांच उपाध्यक्ष दो महामंत्री पांच मंत्री सहित 15 मंडल अध्यक्ष बनाए गए हैं। इसी तारतम्य में देवेंद्र नगर मंडल में जिगदहा से राव साहब परिवार घराने की बहु और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सक्रिय सेवक अर्जुन सिंह परमार की पत्नी को महिला मोर्चा के मंडल अध्यक्ष के जिम्मेदारी सौंपी गई है। स्नेहीजन और कार्यकर्ताओं की शुभकामनाओं से अभिभूत बेबी राजा परमार ने पार्टी की रीति नीति के तहत पूरे समर्पण भाव से कार्य करने दृढ़ इच्छाशक्ति की अभिव्यक्ति की है

यूक्रेन में उत्पन्न परिस्थितियों के दृष्टिगत जनपदवासी कण्ट्रोलरूम पर दर्ज कराएं सूचना: जिलाधिकारी

ब्यूरो सोनू कुमार माथुर

एटा। जिलाधिकारी अंकित कुमार अग्रवाल ने सूचित किया है कि वर्तमान में यूक्रेन में उत्पन्न आपातकालीन परिस्थितियों के दृष्टिगत भारतीय दूतावास, कीव, यूक्रेन, में मौजूद सभी भारतीयों (भारतीय विद्यार्थियों व अन्य लोगों) को सम्भावित मदद पहुंचाने के लिये विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हेल्पलाइन संचालित की गई हैं। जिसके तहत कन्ट्रोल रूम नं0- 1800118797 (टोल फ्री), +91112301213, +91112301414 , +911123017905 हैं। शासन द्वारा जारी राज्य कन्ट्रोल रूम का टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 0522-1070 व मो0नं0-9454441081 हैं। उन्होंने कहा कि यूक्रेन में फंसे भारतीयों की मदद करने एवं उनको भारत लाए जाने के लिए सरकार पूरी तरह कटिबद्ध है। राहत आयुक्त कार्यालय उ0प्र0 शासन द्वारा अवगत कराया गया है कि यूक्रेन देश में जनपद एटा के चार व्यक्ति/छात्रों के फंसे होने की सूचना प्राप्त हुई है। ये व्यक्ति/छात्र फ्लाइट के माध्यम से अतिशीघ्र दिल्ली पहुंचाऐ जाएंगे, जिसके उपरान्त उनको एटा में सकुशल उनके घर भेजा जाएगा। जिला प्रशासन का प्रयास है कि शासन के माध्यम से जिले के जो भी व्यक्ति/छात्र यूक्रेन में फंसे हैं उनको सकुशल उनके घर वापिस पहुंचाया जाए। जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि यदि किसी व्यक्ति के परिवारीजन, बच्चे यूक्रेन देश में फंसे हैं, तो वे जनपद स्तरीय कन्ट्रोल रूम नं0-1950, 05742-233312, 233315, 233316, 233317 पर सम्पर्क स्थापित कर परिवारीजनों के संबंध में सूचना उपलब्ध करा सकते हैं।

पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने मिर्ची बाबा और डॉ. गोविंद सिंह के बीच कराई सुलह

भिंड में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में मंच से उतारने पर हुआ था विवाद

भोपाल। भिंड में कांग्रेस की जन आक्रोश रैली में मिर्ची बाबा को मंच से उतारने का विवाद सुलझ गया है । पूर्व मंत्री एवं विधायक पीसी शर्मा ने कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक एवं पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह और मिर्ची बाबा के बीच मध्यस्ता कराई। पीसी शर्मा के निवास पर दोनों ने करीब 40 मिनिट चर्चा की और अपने गिले शिकवे दूर किये।

मुलाकात के बाद पूर्व मंत्री डॉ. गोविंद सिंह ने कहा कि चर्चा कर हमने गलतफहमी को दूर कर दिया है। उन्होने कहा कि वे किसी का भी अपमान नही करते है कुछ व्यक्तियों के द्वारा गलतफहमी पैदा की गई थी वे हमेशा संत महात्माओं का सम्मान करते है और करते रहेंगे उन्होने कहा कि वे बचपन से ही दुर्गा मंत्र, हनुमान चालीसा, गायत्री मंत्र पढते है संत महात्माओं के बिना सनातन धर्म सुरक्षित नहीं है। उनकी ही कृपा से मुल्क में सनातन धर्म फैल रहा है। मै सभी संत महात्माओं का श्रद्धा से सम्मान करता हू। हमारे बीच जो गलतफहमी थी वह हमने चर्चा से दूर कर ली है।

वही मिर्ची बाबा ने भी सिंह को मिठाई खिलाकर अपनी नाराजगी दूर की। बाबा ने कहा कि गोविंद सिंह हमारे लाडले हैं और हम उनसे स्नेह रखते हैं गौ माता की बात गोविंद सिंह, पीसी शर्मा जी और वे स्वयं लडते है और आगे भी लडते रहेंगे। पूर्व मंत्री पीसी शर्मा ने कहा कि कांग्रेस एकजुट है और एकजुटता के साथ काम करते रहेंगे।

खजुराहो नृत्य समारोह का छठवां दिन

दीवारों से निकलकर मंच पर साकार हुई नृत्य नायिकाएँ

भोपाल। पर्यटन नगरी खजुराहो में 48वें नृत्य समारोह में कला प्रेमियों को भारतीय कलाओं का उदात्त और अद्भुत स्वरूप देखने को मिल रहा है। समारोह के छठवें दिन फागुन के रंग में उजली शाम में कंदरिया महादेव और जगदम्बी मंदिरों की आभा के बीचों-बीच बने विस्तीर्ण रंगमंच पर ओजपूर्ण नृत्य प्रसतुतियों ने सभी का मन मोह लिया। मंच पर पूरी सज धज के साथ नृत्यांगनाएँ अवतरित हुईं तो लगा खजुराहो के मंदिरों की दीवारों पर उत्कीर्ण नायिकाएँ दीवारों की कैद से आज़ाद होकर नृत्यरत हो उठी हो। देविका से लेकर रुद्राक्ष फाउंडेशन और नयनिका घोष तक सभी प्रस्तुतियाँ लाजवाब रहीं।

खजुराहो नृत्य महोत्सव की शाम का आगाज़ ट्रांसजेंडर नृत्यांगना देविका देवेंद्र एस मंगलामुखी के कथक नृत्य से हुई। जयपुर घराने से ताल्लुक रखने वाली देविका ने चलन से थोड़ा परे जाकर मुगलिया शैली में कथक की प्रस्तुति दी। शाम ए रक़्स नाम की पेशकस में उन्होंने प्रख्यात सूफी गायक खुसरो के कलाम या रे मन बया बया पर भावपूर्ण प्रस्तुति दी। इसके बाद उन्होंने सरगम के अंग में सलाम की प्रस्तुति दी। सलाम मुगल दरबारों में किये जाने वाले कथक का एक खास अंग रहा है, जो तिस्त्र जाति में था। अगली पेशकस में देविका में तीनताल में पारंपरिक शुद्ध नृत्य किया। उन्होंने उठान, ठाट, टुकड़े विविध परनें और सवाल जवाब की सूरत में तत्कार पेश की। नृत्य का समापन उन्होंने बड़े गुलाम अली साहब की प्रसिद्ध ठुमरी याद पिया की आये पर अभिनय नृत्य से किया। कहरवा की विलंबित से दृरुत होती लय पर उन्होंने नृत भाव से कई रंग भरे और बिखेर दिए। उनके साथ सारंगी पर जनाब अमीरुद्दीन खान, तबले पर मोहित दुबे, गायन पर शभानु कुमार राव और सितार पर रेखा खत्री ने बखूबी साथ देकर प्रस्तुतियों को यादगार बनाया। शाम की दूसरी प्रस्तुति में भुवनेश्वर के रुद्राक्ष फाउंडेशन के कलाकारों ने ओडिसी नृत्य के वैभव के दर्शन कराए। प्रसिद्ध ओडिसी नर्तक विचित्रनन्द स्वैन के शिष्यों में शुमार यज्ञदत्त प्रधान दिशानन साहू, विचित्र बेहरा, संतोष राम, समीर पाणिग्रही, सुरेंद्र प्रधान, संजीव कुमार जैन और रस्मरंजन ने समूह नृत्य की शानदार प्रस्तुति दी। पहली प्रस्तुति में कृष्ण और काली को नृतभावों में पिरोते हुए नर्तकों ने बताया कि कृष्ण काली में कोई भेद नहीं है, वे एक ही हैं। इसी क्रम में अगली प्रस्तुति महाभारत से थी। चक्रव्यूह नाम की इस प्रस्तुति में अभिमन्यु के शौर्य पराक्रम और कौरवों की कुटिल चालों को नृतभावों में पेश किया। राग और ताल मालिका में निबद्ध इन प्रस्तुतियों में संगीत रामहरि का और रिदम धनेश्वर का था।

जिस काम के लिए कई दिनों से भटक रहे थे वे काम सुशासन शिविर में आधे घंटे में हो गए

मुरार में लगा जिला स्तरीय सुशासन शिविर, 256 आवेदनों में से 187 का मौके पर ही हुआ निराकरण

ग्वालियर। ग्राम उदयपुर निवासी रामबेटी नामांतरण के लिए कई दिनों से परेशान थीं। पर उनका यह काम आधा घंटे में हो गया और उन्हें खसरे की नकल भी मिल गई। मुरार क्षेत्र की निवासी वृद्ध महिला मुन्नी बाई की मौके पर ही सामाजिक सुरक्षा पेंशन तो विधवा महिला अर्चना के लिए कल्याण योजना के तहत पेंशन मंजूर हो गई। इसी तरह केशकली बाई व संजू देवी के मुख्यमंत्री शहरी घरेलू कामकाजी महिला कल्याण योजना के तहत कार्ड बन गए। यहाँ बात हो रही है तहसील टप्पा कार्यालय परिसर मुरार में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर की। शिविर में कुल 256 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 127 का मौके पर ही निराकरण किया गया।

राज्य शासन के दिशा-निर्देशों के तहत ग्वालियर जिले में सुशासन शिवरों की श्रृंखला चल रही है। इसी क?ी में शनिवार को कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह के मार्गदर्शन में मुरार में जिला स्तरीय सुशासन शिविर लगाया गया। पिछले दिनों बरई व डबरा में आयोजित हुए शिविरों की तरह मुरार का सुशासन शिविर भी जन समस्याओं के मौके पर ही निराकरण के लिहाज से काफी सार्थक रहा। एसडीएम मुरार श्री अशोक चौहान व जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री राजीव मिश्रा सहित नगर निगम के वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला व खण्ड स्तरीय अधिकारियों ने दिन भर शिविर में मौजूद रहकर मौके पर ही आम नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किया।

सुशासन शिविर में राजस्व विभाग से संबंधित 85 आवेदनों में से 62 आवेदनों का मौके पर ही निराकरण किया। इनमें से लगभग दो दर्जन लोगों के फौती नामांतरण, भू-अधिकार ऋण पुस्तिका व खसरे की नकल प्रदाय व बीपीएल सूची में नाम जोड़ना शामिल है। शिविर में 29 आयुष्मान कार्ड बनाए गए और 77 आधार पंजीयन किए गए। इसके अलावा महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा पाँच ला?ली लक्ष्मी प्रमाण-पत्र तैयार किए गए। विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों ने विद्युत बिल कम करने, बिल जमा करने की आसान किस्त बनाने और बिल से संबंधित अन्य सुधार करने से संबंधित एक दर्जन से अधिक समस्याओं का निपटारा किया। नगर निगम ग्वालियर द्वारा पात्र घरेलू कामकाजी महिलाओं के कार्ड बनाए गए और सामाजिक सुरक्षा, वृद्धावस्था व कल्याणी पेंशन योजना स्वीकृत की गई। इसके अलावा सामाजिक न्याय, पंचायत, स्कूल शिक्षा, कृषि, खाद्य विभागों द्वारा भी मौके पर ही समस्याओं का निपटारा किया गया। शिविर में ही समस्या के निराकरण से आम नागरिक गदगद हो गए। श्रीमती रामबेटी का कहना था कि हम अपने नामांतरण के लिये पिछले 6 महीने से परेशान थे। शिविर में मात्र आधा घंटे में न केवल नामांतरण हो गया बल्कि हमें खसरे की नकल भी मिल गई।

हरीपुरा में लगा ट्रांसफार्मर तो खुशी से झूमे ग्रामीण

बीते रोज डबरा के सुशासन शिविर में दी थी अर्जी

ग्वालियर। साहब हम सबने अपनी क्षमता के अनुसार खराब ट्रांसफार्मर बदलवाने के लिए धनराशि जमा कर दी है। पर ट्रांसफार्मर नहीं बदला गया है, जिससे हम सब लोग बहुत परेशान हैं। यह फरियाद ग्राम हरीपुरा निवासी श्री दीपक सहित अन्य ग्रामीणों ने बीते रोज डबरा में आयोजित हुए जिला स्तरीय सुशासन शिविर में कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह से की। हरीपुरावासियों की यह फरियाद आज फलीभूत हो गई। कलेक्टर श्री सिंह ने इन सभी की समस्या को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें भरोसा दिलाया कि आप सब निश्चिंत होकर अपने गाँव पहुँचें कल तक आपका ट्रांसफार्मर लग जायेगा। कलेक्टर श्री सिंह ने शिविर में मौजूद विद्युत वितरण कंपनी के अधिकारियों को निर्देश दिए कि हर हाल में शनिवार की दोपहर तक हरीपुरा गाँव में नया ट्रांसफार्मर लग जाना चाहिए। इस परिपालन में विद्युत वितरण कंपनी की टीम ने हरीपुरा पहुँचकर नया ट्रांसफार्मर लगा दिया। हरीपुरा वासियों को इतनी जल्दी ट्रांसफार्मर बदलने की उम्मीद नहीं थी। गाँव में नया ट्रांसफार्मर लगने के बाद जब घर-घर में एलईडी बल्ब फिर से रोशन हुए तो सभी खुशी से झूम उठे। दीपक सहित अन्य ग्रामीण जनों का कहना था कि मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर लगाए जा रहे सुशासन शिविर हमारे जीवन में खुशियों की रोशनी भर रहे हैं।

संक्षिप्त समाचार

शहर के वार्ड-5 के अंतर्गत कृष्णा नगर में आज लगेगा जनसमस्या निवारण शिविर

ऊर्जा मंत्री श्री तोमर अपनी मौजूदगी में करायेंगे जन समस्याओं का निराकरण

ग्वालियर। ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर की पहल पर आमजनों की समस्याओं के निराकरण के लिये जिला प्रशासन द्वारा नगर निगम के सहयोग से 27 फरवरी को शहर के वार्ड-5 के अंतर्गत कृष्णानगर पहाडी मोतीझील पर विशेष जन समस्या निवारण शिवर लगाया जायेगा। इस शिविर में ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह तोमर स्वयं उपस्थित रहकर आमजनों की समस्यायें सुनेंगे और मौके पर ही निराकरण भी करायेगें। शिविर में राजस्व, खाद्य, विधुत, पुलिस तथा नगर निगम के अधिकारी उपस्थित रहकर अपने अपने विभाग से संबंधित समस्याओं का निराकरण सुनिश्चित करेंगे। शिविर में आयुष्मान कार्ड एवं आधार कार्ड बनाने वाले अधिकारी भी उपस्थित रहेंगे। ऊर्जा मंत्री श्री तोमर ने क्षेत्रवासियों से भी आग्रह किया है कि शिविर में उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से अवगत करायें ताकि उनका निराकरण मौके पर ही किया जा सके।

27 फरवरी को पोलियो रविवार

जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को पिलाई जायेंगी जिंदगी की दो बूँद

कलेक्टर श्री सिंह ने जिलेवासियों से की अपील, कोई भी बच्चा छूटे नहीं

ग्वालियर। राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान के तहत ग्वालियर जिले में भी रविवार 27 फरवरी को जन्म से पाँच वर्ष तक के बच्चों को जिंदगी की दो बूँद पिलाई जायेंगीं। जिले में अभियान के तहत सा? तीन लाख बच्चों को पोलियो रोधी खुराक पिलाने का लक्ष्य रखा गया है। कलेक्टर श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने जिलेवासियों से अपील की है कि वे अपने बच्चों को नजदीकी पोलियो बूथ पर ले जाकर जिंदगी की दो बूँद अवश्य पिलवाएँ, जिससे उन्हें पोलियो जैसी घातक बीमारी से बचाव के लिये सुरक्षा कवच मिल सके। उन्होंने कहा है कि जिले में जन्म से पाँच वर्ष तक का कोई भी बच्चा पोलियो दवा पीने से छूटना नहीं चाहिए। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि पोलियो बूथों पर 27 फरवरी को प्रातः 8 बजे से सायंकाल 5 बजे तक पोलियो रोधी खुराक पिलाई जायेगी।

डॉ केशव पांडे वरिष्ठ पत्रकार (P.R.O) का पेंशनर्स एसोसिएशन जिला ग्वालियर द्वारा सम्मान किया गया

ग्वालियर। पेंशनर्स एसोसिएशन मध्य प्रदेश जिला शाखा ग्वालियर के पदाधिकारियों द्वारा आज दिनांक 26 फरवरी 2022 समय 5ः00 बजे महल में पहुंचकर अपनी लंबित मांगों के संबंध में माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया केंद्रीय नागरिक एवं उड्डयन मंत्री जी से दिल्ली में भेंट कर चर्चा करने हेतु चर्चा की गई, माननीय डॉक्टर केशव पांडे द्वारा प्रतिनिधिमंडल को माननीय ज्योतिरादित्य सिंधिया जी से दिल्ली में मिलने हेतु आश्वासन दिया गया है शीघ्र ही पेंशनर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल को मिलने का समय निर्धारित किया जावेगा प्रतिनिधिमंडल द्वारा माननीय डॉ केशव पांडे जी का शाल एवं श्रीफल भेंट कर सम्मान किया गया । प्रतिनिधिमंडल में -गोविंद सिंह कुशवाह (अध्यक्ष) ललित कुमार खरे (कार्यकारी अध्यक्ष) गोविंद प्रसाद सैनी (कोषाध्यक्ष) मुन्ना लाल कुशवाहा (संगठन सचिव)यशवंत सिंह धाकड़ (कार्यकारिणी सदस्य) के सी बाथम (कार्यकारिणी सदस्य)।

28 फरवरी को हजीरा चैराहा पर एवं 2 मार्च को रोशनीघर पर कांग्रेस विशाल धरनाः डॉ देवेन्द्र शर्मा

ग्वालियर। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने आज घोषणा करते हुए कहा कि बिजली के बिलो मे लूट खसोट, मैंटनेंस के नाम पर घोषित अघोषित बिजली कटौती एवं बिजली के बिलो में अधिक धन वसूली के सुधार में परेशान नागरिको को राहत दिलाने के लिए दिनांक 28 फरवरी को हजीरा चैराहा पर सांयकाल 4 बजे एवं 2 मार्च को जयंन्द्रगंज स्थित रोशनी घर पर सांयकाल 4 बजे कांग्रेस का विशाल धरना होगा। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ देवेन्द्र शर्मा ने बताया कि मप्र में सरकार परिवर्तन के बाद ग्वालियर महानगर में निरंतर घरेलू एवं ओद्योगिक व्यापारिक दुकानदारो को अत्याधिक बिजली का बिल भेजेकर आर्थिक रूप से परेशान किया जा रहा है और मेंटेनेंस के नाम पर घोषित अघोषित बिजली कटौती से हर तरफ परेशानी का माहोल है, प्रातः जब पानी आत है तो बिजली चली जाती है, बिजली आती है तब पानी चला जाता है, जब करोबार प्रारंभ होता है तब बिजली चली जाती है। मप्र की सरकार बिजली के नाम पर जनता के साथ धोखाधड़ी कर रही है जिसको लेकर दिनांक 28 फरवरी को हजीरा चैराहा पर सांयकाल 4 बजे एवं 2 मार्च को जयंन्द्रगंज स्थित रोशनी घर पर सांयकाल 4 बजे कांग्रेस का विशाल धरना होगा।

जिद के कारण कई बार इंसान अपना हरा-भरा परिवार खत्म कर लेता हैः मुनिश्री

आज बनेगा मुनिश्री विजयेश सागर का 11वां मुनिदीक्षा समारोह।

ग्वालियर। आज के युग मे इंसान चेहरे पर कई तरह के मुखौटे लिए घूम रहा है, परंतु अगर जीवन में धर्म आ जाए तो किसी मुखौटे की जरूरत नहीं है। जिद ऐसी दीवार है जो प्रत्येक रिश्ते को समाप्त कर देती है। जिद के कारण कई बार इंसान अपना हरा-भरा परिवार खत्म कर लेता है। ये बात मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ने आज शनिवार को नई स?क स्थित चंपाबाग धर्मशाला में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। मुनिश्री विजयेश सागर महाराज, मुनिश्री विनिबोध सगर्वव ऐलक श्री विनियोग सागर महाराज मौजूद थे। मुनिश्री ने कहा की आज इंसान खुद को धार्मिक दिखाने के लिये कई तरह के आडंबर करता है, परंतु जब धर्म मनुष्य के हृदय में आ जाता है तो उसे किसी भी भौतिक सुख की तृष्णा नहीं रहती। उसका जीवन आनंदमय हो जाता है। मुनिश्री ने कहा कि क्रोध गुस्सा इंसान के जीवन को नरक बना देता है, इसलिए व्यक्ति को दोनों बुराइयों से दूर रहना चाहिए। आज इंसान गुस्से और जिद के कारण आपा खो बैठता है, जिसे लेकर कई बार ऐसा कार्य कर बैठता है जिसके लिए उसे उम्र भर पछताना प?ता है। उन्होंने कहा कि अहिंसा का मार्ग ही सरल सुखम मार्ग है, इसलिए इंसान को अहिंसा के मार्ग पर चलते हुए वीर प्रभु का सिमरन करना चाहिए। प्रभु का नाम सिमरन करने से हृदय में धर्म के आने से मन शांत होगा और जीवन आनंदमय बनेगा।

आज होगी प्रतिमाएं वेदी विराजमान, मुनिश्री विजयेश सागर का 11 वां दीक्षा जयंती बनेगा।

जैन समाज के प्रवक्ता सचिन जैन ने बताया कि मुनिश्री विहर्ष सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में 27 फरवरी रविवार को प्रातः 9 बजे से गोपाचल जैन मंदिर में नवीन प्रतिमा को वेदी में विराजमान करेंगे। वही 1ः 00 बजे से गोपाचल पर्वत पर मुनिश्री विजयेश सागर महाराज का 11 वां मुनिदीक्षा समारोह का शुभारंभ चित्र आवरण, दीप प्रज्वलन, पदाप्रच्छलन, शास्त्र भेंट, सास्कृतिक कार्यक्रम के साथ प्रवचन कार्यक्रम आयोजित होंगे।

विधायक डॉ. सिकरवार के नतृत्व में वार्ड 59 में चला घर-घर चलो अभियान

ग्वाल्यिर। आज मध्यप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्र एवं प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ जी के आदेश पर पुरे प्रदेश में चलाये जा रहे घर-घर चलो अभियान के तहत 16 ग्वालियर पूर्व विधानसभा के इन्दरगंज ब्लॉक में वार्ड क्र.59 में यह अभियान चलाया गया जो कि भैरों बाबा मंदिर से प्रारम्भ होकर प्रजापति मोहल्ला, नाकाचंद्रबदनी मेन रोड, से लभेडपुरा होते हुये दुर्गेशपुरी, नहर वाली माता रोड, एवं आस-पास के सभी छेत्रो में घर-घर दस्तक देकर यह अभियान विधायक डॉ. सतीश सिकरवार जी के नेतृत्व में चलया गया जिसमें विधायक जी ने हर घर-घर सम्पर्क कर पत्रक वितरण किये। इस कार्यक्रम में विधायक जी के साथ उपस्थित प्रदेश प्रवक्ता राम पांडे जी, श्रीमती सीमा समाधिया जी, वीना भारद्वाज जी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंद्र यादव, पूर्व पार्षद अवदेश कौरव जी, विधायक प्रतिनिधि मनीष अग्रवाल जी, विधायक प्रतिनिधि महेंद्र शर्मा जी, मंडल अध्यक्ष अनूप शिवहरे जी, प्रमोद जैन जी, विजय बहादुर त्यागी जी, हिमांशु कीकन जी, संदीप यादव जी, अनिल शर्मा जी, अंकित कंटल जी, अर्जुनसिंह कुशवाह जी, निकी भदौरिया जी, भूपेंद्र तोमर जी, शरद यादव जी, गिर्राज चंदोरिया जी, धीरेंद्र जाटव जी, विनोद साहू जी, आदि कार्यकर्तागण मोजूद रहे।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, एवं संपादक-भरत सिंह चौहान। पुष्पांजली प्रिंटर्स-गोवर्धन कॉलेनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, जिला ग्वालियर (म.प्र.) से मुद्रित एवं दीपू इलेक्ट्रोनिक्स, पंजीयन क्रमांक/ एम.पी.एच.आई.एन. /31130
नियर हनुमान मंदिर, गोवर्धन कॉलोनी, भिण्ड रोड, गोला का मंदिर, ग्वालियर (म.प्र.) से प्रकाशित। सम्पादक - भरत सिंह चौहान E-mail : pushpanjalitoday17@gmail.com 0751-4901333, M.: 8269307478